## एक नजर

### स्व सहायता समूह की महिलाएं गोबर से बना रही सजावटी सामान



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में आज रानी शक्ति स्व-सहायता समूह द्वारा गोबर से बने सजावटी समान का प्रदर्शिनी लगाया गया। जिसको देखकर लोग आश्चर्य हो गये। गाय के गोबर से बने फूलदान, सजावटी समान, झुमर, लटकन, तोरण, दिया आदि विभिन्न प्रकार की सामग्री समूह की महिलाओ द्वारा बनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन व नगर निगम भिलाई का यही प्रयास रहता है, स्व-सहायता समूह के माध्यम से परिवार की महिलाएं तरक्की करे, आगे बढ़े। इसी लिए शहरी अजीविका मिशन के माध्यम से रोजगारमुखी बनाया जा रहा है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल स्वयं देखकर आश्चर्य हो गये। कि वेस्ट से बेस्ट बनाने का हुनर जो समूह की महिलाओ का उन्होने देखा बहुत खुश हुए। विधायक रिकेश सेन ने लोगो से आवाहन किया कि हम सबको महिलाओ द्वारा बनाई गई सामग्री को खरीदकर उन्हे प्रोत्साहित करना चाहिए। जिसको हम बेकार समझकर फेंक देते है वही आज इनके द्वारा सुन्दर सा स्वरूप दिया गया है। जब हम समान खरीदेगे, इनका विक्रय होगा, इनके परिवार में भी खुसीयां आएगी। समूह की महिलाओ का उत्पाद खरीद के हम सब इनका मदद कर सकते है। ऐसी मान्यता है गाय का गोबर सकारात्मक ऊर्जा खिंचता है और रेडियेशन को दुर करता है। गोबर के बने फूलदान, सजावटी समान, झुमर, लटकन, तोरण, दिया आदि सामग्री रखने से घर के आस-पास के वातावरण को शुद्व रखेगा।

### गांधी जयंती पर जामुल मंडल में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा मनाया गया



**जामुल, 5 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा जामुल मंडल द्वारा स्वच्छता सेवा का कार्यक्रम लगातार 21/09/24 से जारी रहा जिसका समापन बापू जी के जयंती पर हुआ। इन 12 दिनों में प्रदेश, जिला और मंडल के कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवा और निष्ठा का भाव पार्टी के प्रति रखा। इस स्वच्छता सेवा कार्यक्रम में मुख्यरूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर, मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, प्रदेश महिलामोर्चा कार्यकारणी सदस्य कविता बिस्वाल, महामंत्री नूतन वर्मा, वरिष्ठ पार्षद दीपक गुप्ता, पार्षद राम दुलार साहू, मण्डल उपाध्यक्ष दीपक सिंह और अरुण यादव, कोषाध्यक्ष सुभाष पांचाल, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, मंडल मंत्री राकेश वर्मा और संजय यादव, शक्तिकेंद्र प्रभारी देवदत्त शर्मा, प्रकोष्ठ से सुरेश मानिकपुरी, विशेसर वर्मा, कुलेश्वर वर्मा, ओमप्रकाश साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामचंद्र साहू, लल्लन सिंह, ध्रुव देवांगन, युवा ब्रिगेड किशन गर्ग, भगवान सिंह चौहान, द्वारका नाथ आदि उपस्तिथ थे साथ ही पालिका के सफाई प्रभारी व कर्मचारियों का महत्पूर्ण योगदान रहा। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में उपस्तिथ सभी सेवकारों और पदाधिकारी का सादर आभार करता हूं।

### विधायक ने 4 स्कूल की 80 बालिकाओं को दी साइकिल



**भिलाई नगर, 5 अक्टूबर।** सरस्वती सायकल योजना के तहत वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शुक्रवार को वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत विभिन्न शासकीय स्कूल में अध्ययनरत बालिकाओं को सायकल वितरण किया। इस कार्यक्रम में स्कूलों की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष, बच्चियों के पालकगण, प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

विधायक रिकेश सेन ने सभी छात्राओं को नवरात्रि के अवसर पर माता अंबे रानी की चुनरी ओढ़ाकर, तिलक लगा, माला पहनाकर उन्हें सायकिल प्रदान की। उन्होंने कहा कि जो बच्चियां दूरदराज से स्कूल आती जाती हैं, उन्हें सायकिल से स्कूल आने जाने में सहुलियत होती तथा उनका समय और श्रम भी बचेगा। इसलिए वैशाली नगर कन्या विद्यालय प्रांगण में सभी छात्राओं को सायकिल वितरण किया गया। श्री सेन ने बताया कि राज्य शासन की बहुत ही महत्वपूर्ण सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत जो बच्चियां बीपीएल सूची के नीचे आती हैं और वर्ष 2007-08 सर्वे सूची जिनके पास है उनकी स्कूल में अध्ययनरत बच्चियों को सायकल वितरण हर साल किया जाता है। वर्तमान में नवरात्रि का पावन अवसर है, जिन बच्चियों को सायकल मिली, वह कहीं न कहीं माता की ही रूप हैं इसलिए सभी बच्चियों को आज टीका लगाकर, माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर और उनको गिफ्ट देकर सायकिल भी प्रदान की गयी है। उनको तिलक लगा चुनरी ओढ़ाने और पूजा अर्चना करने का उद्देश्य यह है कि यही जो बच्चे हैं वह देश के भविष्य हैं और यही बच्चे जो है एक दिन इतिहासलिखेंगे और सचमुच अगर हमारी बेटियों के विषय पर जाना जाए भारत देश में, तो हमारी बेटी ही है जो घर को भी संभालती है और देश को भी संवारने का काम करती है तो इसलिए मैंने सोचा कि माता का दिन है, इनको माता के रूप में देखकर हम इनकी पूजा अर्चना करें, सभी शिक्षक यहां पर उपस्थित हैं.

# विकास की ओर अग्रसर नगर पंचायत पिपरिया:विक्की अग्रवाल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 अक्टूबर।** नगर पंचायत पिपरिया आज से 16 वर्ष पूर्व दिनांक 08 अक्टूबर 2008 को ग्राम पंचायत से नगर पंचायत के तहत अस्तित्व में आए थे। इसी कड़ी को यादगार बनाने के लिए 08 अक्टूबर 2024 को नगर के सर्व समाज मांगलिक भवन वार्ड क्रं.15 में वृक्षारोपण कार्यक्रम नागरिकों,जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों के सहभागिता से सम्पन्न हुए। उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विक्की अग्रवाल द्वारा अपने उद्बोधन में कहा की आज से 16 वर्ष पूर्व 08 अक्टूबर 2008 को ग्राम पंचायत से नगर पंचायत के रूप में अस्तित्व आए थे। आज पिपरिया नगर पंचायत विकास की ओर अग्रसर है। आज नागरिकों को निकाय द्वारा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रहा है। भविष्य में भी इसी प्रकार आप लोगों से सहयोग की अपेक्षा रहेगा। उक्त अवसर पर निकाय के जनप्रतिनिधियों,समाज प्रमुखों के अलावा निकाय के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं कर्मचारीगण नगर पंचायत पिपरिया उपस्थित रहे।





**उतई।** कुम्हारी के महामाया मंदिर में 2526 आस्था के मनोकामना ज्योत से है जगमग

## ताम्रध्वज साहू ने माता बम्लेश्वरी की पूजा की



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,5 अक्टूबर।** नवरात्र के दूसरे दिन प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू सपरिवार राजनांदगांव जिले के धर्म नगरी डोंगरगढ पहुंचे जहा उन्होंने विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी देवी की विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की.

वही डोंगरगढ में मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से छत्तीसगढ़ में बनी हैं तब से कानून व्यवस्था बद से भी बत्तर होते जा गई है. मीडिया सोसल मीडिया के माध्यम से जो जानकारी मिलती हैं उसके अनुसार घटना क्रम जितना तेजी से हो रहा है उसका मुकाबला नहीं किया जा सकता.9 माह हुए हैं सरकार को प्रदेश में बैठे चाकूबाजी, चोरी, बलात्कार, नक्सली घटना बढ़ते क्रम में हैं पिछली सरकार जब हमारी थी तो शुरू के 9 माह का आंकड़ा आप निकाल ले सामने नज़र आ जाएगा सेन्ट्रल एजेन्सी रही है वहा से आंकड़ा निकाल ले ऐसा कोई दिन नही हैं जिसमें सामूहिक बलात्कार या अन्य घटनाएं ना हो रही हो लॉ एन ऑर्डर की स्थिति बहुत ख़राब हैं आम जनता त्रस्त हैंप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 6 दिन का पैदल न्याय यात्रा निकाले हैं . 2अक्टूबर को रायपुर पहुंचे हैं प्रदेश सरकार को जगाने के लिए ये यात्रा निकाले थे जो काफी हद तक सफल रहा बहुत लोग इसमें शामिल रहे और जनता का भी आशीर्वाद हमें मिला हैं प्रदेश में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी हैं और इन्होंने नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम के महापौर की चेक पॉवर खत्म कर दी और चेक पॉवर अधिकारियों के हाथ में दे दी . अब कांग्रेसी वार्डो में विकास कार्य रुक गया है.अपने पार्टी के वार्डो में विकास कार्यों को करा रहे. कांग्रेसी वार्डों में भी तो जनता रहती हैं उनके साथ ऐसा क्यों कर रहे हैं जिसका परिणाम यह देखने को मिल रहा है की कांग्रेसी पार्षद व भाजापा पार्षदों के बीच लड़ाई झगड़ा सामने नज़र आ रहा है।

## कबीरधाम जिले में लगातार उठ रही है शराबबंदी की मांग













**कवर्धा, 5 अक्टूबर।** नशा से होने वाले कुप्रभाव और शराब बंदी पर तरुण छत्तीसगढ़ ने अधिवक्ता , टीचर्स , वरिष्ठ नागरिकों और राजनेतिक महिलाओ से प्रतिक्रिया सुबह सुबह ली । नशा केवल समाज के लिए ही नहीं पूरे युवा पीढ़ी के लिए भी खतरनाक इस नशा के कारण आज कई घर बर्बाद हो रहे है समाज में जितने भी अपराध हो रहे हैं वे नशा के कारण हो रहे है नशा पूरी तरह से बंद होना चाहिए तभी एक स्वस्थ समाज की परिकल्पना की जा सकती हैं अधिवक्ता सविता अवस्थी जिला न्यायालय कबीरधाम ने कही और हफीज कुरैशी सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी । सेवानिवृत । , सीनियर सिटीजन अध्यक्ष मदन तंबोली , एडवोकेट प्रकाश चंद्रवंशी , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती आशा श्याम तंबोली ने कहा की कहा की युवासी में नशा पेय पदार्थो के प्रति झुकाव होना बहुत चिंतनीय विषय है इसलिए सिगरेट , गुटखा और शराब के उत्पादन को ही बंद कर देना चाहिए जिससे की युवाओं का भविष्य सुंदर बने क्योंकि ज्यादा शराब पीने के कारण परिवार में झगड़े करते है और अपराध बढ़ने में शराब की भी महत्वपूर्ण भूमिका देखी जाती है इसलिए सरकार से अपेक्षा है की छत्तीसगढ़ राज्य में शराब पूरी तरह बंद हो । दीपकिरण चन्द्रवंशी ने शराब से नुकसान के सवाल पर उन्होंने कहा की शराब पीने से कैंसर और बहुत सारी बीमारी होती है इसलिए शराब बिकना बंद होगा तो अच्छा होगा । एक महिला ने कहा की शराब बहुत खराब होता है लेकिन शराब बिकना बंद नहीं होगी । बिजनेसमैन मोरजध्वज साहू ने कहा की शराब से बहुत सारी बीमारी होती है और अपराध का कारण भी ज्यादा शराब पीना होता है और शराब पीने के बाद ही ज्यादा अपराध होता है इसलिए अब समय आ गया है की पूरे भारत देश में शराब बंदी लागू होना चाहिए ।

### हादसे में ग्रामीण की मौत

**भिलाई, 5 अक्टूबर।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र एक साइकिल सवार धनेश्वर यादव (50 साल ) को अज्ञात वाहन ठोकर मार कर भा गया इस हादसे में धनेश्वर की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि घटना सिता राइसमिल के पास की है वह साइकिल से जा रहा था उसी समय अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया।

### समोसा बेचने वाला अजय पाली लड़ेगा नगरीय निकाय चुनाव



**कवर्धा,5 अक्टूबर।** कवर्धा नगर में वर्षो से समोसा बेचकर जीवन व्यतीत करने वाले अजय पाली नगरीय निकाय चुनाव लडेंगे । ऐसी चर्चा है की कांग्रेस से चुनाव लड़ सकते है । अजय पाली ने कहा की उन्हे पूरा विश्वास है की कांग्रेस टिकट देगी । इतिहास पर नजर डाले तो विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव लड़ चुके है । शासकीय कार्यालय और छात्र छात्राओं में अजय पाली के बनाए हुए समोसा की तारीफ होती है । महंगाई के दौर में भी गुणवत्ता युक्त समोसा कम रेट पर बेचते है ।



## नेऊरगांवकला में मां दुर्गा की मूर्ति विराजित

**कवर्धा, 5 अक्टूबर।** नव दुर्गोत्सव समिति गौरी-गौरा चौक नेऊरगांवकला में मां दुर्गा की मूर्ति विराजित की गई । ओम प्रकाश पटेल ने बताया की पांच वर्षो से मां दुर्गा की मूर्ति नवरात्रि में विराजित करते है और मां दुर्गा मनोकामना पूरी करती है ।

## जिला पंचायत चुनाव,अभी से ही दावेदारों का जनसंपर्क शुरू







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 अक्टूबर।** जिला पंचायत सदस्य चुनाव की तारीख अभी नही आई है लेकिन जनपद सदस्य राम कुमार सिन्हा गावो में जनसंपर्क शुरू कर दिए है जिससे यह चर्चा शुरू हो गई है की जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ सकते है । चार पंचवर्षीय योजना से दो साल जनपद सदस्य और दो साल जनपद सदस्य के रूप में लगातार विकास की सौगात गांवों में दी है और युवाओं , किसानों और महिलाओं , बच्चो और बुजुर्गो के लिए शासन की योजनाओ का लाभ अच्छे से पहुंचाने में राम कुमार सिन्हा हमेशा सक्रिय दिखते है जिस कारण से राम कुमार सिन्हा की चर्चा ज्यादा हो रही है की उन्हे जिला पंचायत चुनाव लडना चाहिए । रामकृष्ण साहू जिला पंचायत सदस्य लड़ेंगे जिसकी चर्चा बहुत हो रही है । पूर्व जनपद सदस्य रूपेश चंद्रवंशी तीस से अधिक गांवों का दौरा कर चुके है जिसकी चर्चा खूब हो रही है ऐसा माना जा रहा है की जिला पंचायत चुनाव लडेंगे । वैसे दावेदारों की लंबी लिस्ट है ।

## नशे के कारोबार से जुड़े 5 लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 5 अक्टूबर।** भिलाई पुलिस ने नशे के ऑनलाइन कारोबार से जुड़े पांच लोगों को हिरासत में लिया है. ये सभी कोरियर के माध्यम से ऑनलाइन बैंकिंग का इस्तेमाल कर नशीली दवाईयां बेचा करते थे. पुलिस ने आरोपियों के खातों को भी फ्रीज करवाया है नशीली दवाईयों का जखीरा बरामद दुर्ग पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी, कि नशे के सौदागर अब ऑनलाइन माध्यम से नशीली दवाइयां बेच रहे हैं. इसके बाद पुलिस ने पतासाजी और तलाश शुरू की. जिसमें दुर्ग के ही रहने वाले हार्दिक भोई और दिलीप साहू का नाम सामने आया इनसे पूछताछ करने पर नशीली दवाईयों का जखीरा बरामद हुआ जिसके बाद मुख्य आरोपी हार्दिक भोई से सख्ती से पुलिस ने पूछताछ की ऑनलाइन पेमेंट करके मंगवाता था दवाईयां हार्दिक ने पुलिस को बताया कि वो अपने मोबाइल नंबर से ऑनलाइन पेमेंट करके मंगवाता था. जिसके ट्रांजेक्शन और बैंक डिटेल पुलिस ने बरामद किए हैं कोरबा के रहने वाले भुवनेश्वर परेड के नाम से ये बैंक डिटेल था. ये पैसे पटना के रहने वाले रविशंकर प्रसाद के अकाउंट नंबर पर भेजे जाते थे. इसके बाद कोरियर के माध्यम से नशीली दवाईयां मिल जाया करती थी दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि एसीबी की टीम और थाना पद्नाभपुर की टीम बिहार के लिए रवाना हुई. जहां आरोपी रविशंकर प्रसाद को गिरफ्तार किया गया.पूछताछ करने पर उसने बताया कि वो बिहार का निवासी है और किशन यादव से कुरियर के माध्यम से उसे दवाईयां मिलती है. लाखों रुपए की नशीली दवाइयां हार्दिक भोई और भुवनेश्वर परेड सहित दीपक साहू जैसे लोगों को सप्लाई की जाती है ।



**कवर्धा।** चिल्फी घाटी में महिलाओ ने निकाली कलश यात्रा



**कवर्धा।** बोड़ला में मां दुर्गा की मूर्ति विराजित

# सुपेला गदा चौक से देशी शराब दुकान हटाने दिया धरना



**सुपेला, 5 अक्टूबर।** सुपेला गदा चौक देशी शराब दुकान हटाने के लिए युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष मदन सेन के नेतृत्व में फिर धरना दिया गया है मदन सेन ने कहा कि इतने लंबे समय से शराब दुकान हटाए जाने की मांग जनता द्वारा की जा रही है जिसके परिणाम स्वरुप अंग्रेजी शराब दुकान को हटाया गया मगर अंग्रेजी शराब को देशी शराब दुकान में बेची जा रही है जिससे यहां पर और भीड़ बढ़ चुकी है जिससे आम जनमानस में आक्रोश है। युवा शक्ति संगठन कि मांगों को अनसुनी किया जाना समझ से परे है आम जनमानस की भावनाओं का ध्यान रखते हुए शराब दुकान शीघ्र से शीघ्र हटाया जाना चाहिए। विदित हो कि युवा शक्ति संगठन के निरंतर आंदोलन धरना प्रदर्शन व सभी जनप्रतिनिधियों कलेक्टर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जा चुका है जिसके परिणाम स्वरुप अंग्रेजी शराब दुकान को हटाया गया मगर देसी शराब दुकान को न हटाए जाने से आम जनमानस में आक्रोश है युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष मदन सेन शारदा गुप्ता पारस जंघेल ने कहा कि शराब दुकान ऐसे जगह स्थानांतरित की जाए जहां किसी भी आम लोगों को तकलीफ का सामना ना करना पड़े। संयोजक शारदा गुप्ता ने कहा कि हम सभी आंदोलन करते-करते आम जनमानस में निराशा की भावना पैदा हो चुकी है समिति से जुड़े लोगों आम जनमानस से आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है जिसे बहुत लंबे समय तक बर्दाश्त नहीं किया जा सकता । अध्यक्ष मदन सेन ने कहा अभी तक हमने मशाल जुलूस धरना प्रदर्शन एवं मुख्यमंत्री आवास का घेराव हेतु पदयात्रा तक की जा चुकी है जहां हम सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की तैयारी भी की जा चुकी थी। इसके बावजूद लगातार केवल आश्वासन ही मिलता है।हम 2021 से शराब दुकान हटाने के लिए निरंतर ज्ञापन आंदोलन कर रहे है मगर सरकार द्वारा इसे अनियंत्रित स्थापित करने की पहल नहीं की जा रही है पहले सुपेला शराब दुकान हटाने 4000 लोगों ने हस्ताक्षर किया था।जिसमें लोगों ने स्वयं आगे होकर पंडाल में आकर हस्ताक्षर कर शराब दुकान हटाने की मांग की थी। अध्यक्ष मदन सेन ने मांग की है कि जब क्षेत्र की समस्त डेरियो को इकट्ठा कर गोकुलधाम बनाया जा सकता है इसी तर्ज पर सभी शराब दुकानों को एक जगह इकट्ठा कर भट्टीपारा बनाया जाए जहां समस्त सुविधाएं पीने वालों को दी जाए जिससे हर जगह शांति व्याप्त हो सके। शराबी वही पिए हैं और वही सोएं। मुख्य चौराहे पर शराब दुकान होने के कारण अवस्थाओं का अंबार है। सुपेला के निवासी जो उक्त शराब दुकान के आसपास में निवासरत है और व्यापारी गण कई बार शिकायत कर चुके हैं सुपेला चौक से गदा चौक जाने वाला सबसे व्यस्तम मार्ग है यह सड़क मुख्य मार्ग होने के कारण कोहका स्मृति नगर शांति नगर वैशाली नगर के हजारों लोगों को आवागमन निरंतर इस मार्ग से होता है इसके अलावा क्षेत्र से अनेक कॉलेज हॉस्पिटल छात्र-छात्राओं का आना-जाना निरंतर लगा रहता है इस रोड पर आए दिन निरंतर दुर्घटना होती रहती है स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे इस रूट से आवागमन करते हैं और हमेशा अप्रिय स्थिति का सामना करते है शराबी शराब पीकर गाली गलौज करते हैं रोड पर ही शराब पीकर शराब के डिस्पोजल फेंक देते हैं यहां से एंबुलेंस फायर विकेट का निकलना विपरीत परिस्थितियों में मुश्किल होगा शराब दुकान के आसपास सड़क तक शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है यहां पर आने वाली महिलाएं एवं बच्चे इस रोड से आज आने जाने में शर्मिंदगी महसूस करते हैं अगर निकट भविष्य में प्रशासन इस शराब दुकान को नहीं हटाता तो इसके लिए एक बड़ा जन आंदोलन फिर खड़ा किया जाएगा । युवा शक्ति संगठन ने शीघ्र से शीघ्र शराब दुकान हटाने की मांग की है मांग करने वाले में प्रमुख रूप से अध्यक्ष मदन सेन शारदा गुप्ता, पारस जंघेल जुनेब खान , पूर्व पार्षद राजेश प्रधान पूर्व पार्षद दीपक भोंडकर निहाल ठाकुर अमिताभ भट्टाचार्य नीशु पांडे बंटी नाहर सुनील शर्मा भारती बेन पिंकू तिवारी , प्रदीप पांडे धनेश्वर चौहान , टिंकू प्रशांत क्षीरसागर मणि वर्मा , रमेश देशमुख अजय प्रसाद नारायण सोनी जहांगीर हुसैन योगेश यादव श्रेयांश साहू मुकेश नेताम माला ठाकुर बबलू तांडी गंगा प्रसाद मंडावी वंशराज चौधरी दिनेश चंद्र सुंदर जायसवाल मूलचंद जायसवाल भीमसेन राय लोकेश बंछोर टिकेश्वर साहू रूपलाल वर्मा गंगाबाई मालती रेशम लता साहू कौशल्या कविता मेश्राम इंदु मेश्राम सेवती देवी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

संपादकीय

# कांग्रेस की मेहनत पर फेर देते हैं पानी

राजनीति में नेता की छवि बनाने का प्रयास पार्टी करती है और पार्टी की छवि बनाने का प्रयास नेता करता है या नेता करते हैं। दोनों एक दूसरे की छवि बनाने का प्रयास करते हैं। जब पार्टी पुरानी होती है और उसका नेता नया होता है तो पार्टी ही नेता की छवि बनाने का प्रयास करती है ताकि वह पार्टी को चुनाव में जीत दिला सके। पार्टी पूरी कोशिश करती है कि उसके नए नेता की छवि ऐसी बने की जनता उसे योग्य नेता मानकर सरकार चलाने का मौका दे। इसके लिए पार्टी को बरसों मेहनत करनी पड़ती है। यह काम कांग्रेस कर रही है। पिछले बीस साल से कांग्रेस राहुल गांधी को पार्टी के साथ ही देश का गंभीर नेता, दूरदर्शी नेता, सच कहने वाला नेता, हारने के बाद भी लड़ने वाला नेता की छवि बनाने का प्रयास कर रही है। करोड़ो रुपए कांग्रेस ने अब तक राहुल गांधी की छवि को गंभीर नेता की छवि बनाने में खर्च कर दिए हैं। लेकिन उनकी सारी कोशिशों पर राहुल गांधी एक दिन में पानी फेर देते हैं। बरसों की मेहनत पर एक दिन में पानी फिर जाता है जब राहुल गांधी किसी चुनावी सभा में कह देते हैं कि जलेबी की फैक्ट्री लगाकर जलेबी को पूरे देश में बेचना चाहिए और अमरीका, जापान भेजना चाहिए। इससे साफ हो जाता है कि राहुल गांधी को देश की राजनीति आने के बीस साल बाद भी बहुत सारी सामान्य ज्ञान की बातें पता नहीं है। उन्हें पता कुछ नहीं होता है और वह इस तरह बातें करते हैं जैसे उनको सब पता है। वह हरियाणा के मातूराम की फेमस जलेबी की बात कर रहे हैं, उसकी जलेबी हरियाणा और आसपास फेमस होगी। यह बात तो सब जानते होंगे। यह बात तो बताने की नहीं है कि मातूराम की जलेबी बहुत अच्छी होती है। मातूराम बरसों से जलेबी बना रहे हैं। उनको मालूम है कि जलेबी बनाने के काम में सौ लोग नहीं लगते हैं। लेकिन राहुल गांधी को किसी ने बताया नहीं कि मातूराम के यहां सौ लोग जलेबी नही बनाते हैं। मातूराम सहित हरियाणा के तमाम लोगो को भी मालूम है कि जलेबी की फैक्ट्री नहीं लगाई जा सकती क्योंकि जलेबी तो लोग ताजा व गरम खाते हैं। राहुल गांधी को यह बात नहीं मालूम की जलेबी को लोग ताजा व गरम ही खाना पसंद करते हैं।वह ठंडी होने पर नरम हो जाती है।यह बात राहुल गांधी का मालूम होती तो वह जलेबी की फैक्ट्री की बात ही नहीं करते। जलेबी की फैक्ट्री की बात हो सकता है कि राहुल गांधी ने इसलिए कही हो क्योंकि उनको यह कहना था कि मातूराम के जलेबी के फैक्ट्री के लिए मोदी सरकार लोन नहीं देगी क्योंकि मोदी ने बैंक का सारा पैसा अडानी को दे दिया है। राहुल गांधी ने बात जलेबी से शुरू की और खत्म कहां किया अडानी पर। यही उनकी खासियत है और यही उनकी सबसे बड़ी कमजोरी है। इससे कांग्रेस को कोई फायदा होता तो भी बात समझ में आती कि राहुलगांधी हर बात को आखिर में अडानी पर खत्म करते हैं, इससे कांग्रेस को कोई फायदा होता है या राहुल गांधी को कोई फायदा होता है। इससे तो कांग्रेस की बरसों की मेहनत पर पानी फिर जाता है। कांग्रेस ने 24 के लोकसभा चुनाव के पहले राहुल गांधी का कथित पप्पू की छवि को बदलने के लिए ही तो भारत जोड़ो यात्रा एक व दो का आयोजन किया था। अपने इको सिस्टम के जरिए देश के लोगों के मन में यह बात बिठाने की कोशिश की राहुल गांधी गंभीर व परिपक्व नेता बन गए हैं। वह देश के पीएम के रूप में मोदी का सबसे बेहतर विकल्प हैं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार भले तीसरी बार राहुल गांधी न बना पाए लेकिन कांग्रेस की सीटे बढ़कर 99 हो जाने पर भी यह माना गया कि यह राहुल गांधी का मेहनत व गंभीर नेता का छवि के कारण हुआ है। कांग्रेस की दो तीन साल की मेहनत को राहुल गांधी ने हरियाणा में जलेबी की फैक्ट्री की बात कह कर पानी फेर दिया। इससे सोशल मीडिया पर फिर लोग कहने लगे का राहुल गांधी गंभीर व परिपक्व नेता तो नहीं है, वह गंभीर व परिपक्व नेता होते तो ऐसा कुछ तो नहीं कहते जिससे कांग्रेस की बरसों की मेहनत पर पानी फिर जाता।

युध्द

किशन सनमुखदास भावनानी

# इजरायल-ईरान महासंग्राम के साए में वैश्विक इकोनामी ट्रेड, तेल,नौकरी, मार्केट पर संकट गहराया



वैश्विक स्तरपर ईरान व इजरायल के बीच बढ़ते तनाव का असर पूरी दुनियाँ में दिख रहा है।1 अक्टूबर 2024 को ईरान द्वारा इजराइल पर दागी गई सैकड़ो बैलिस्टिक मिसाइलों का जवाब देने की रणनीति इसराइल जरूर तैयार कर चुका होगा, बस !क्रियान्वयन की जरूरत है, परंतु मुझे इस युद्ध में एक फिक्स कूटनीति या रणनीति समझ में आ रही है, जिसमें मुझे लगता है इजराइल सीधे तौर पर ईरान के तेल संयंत्रों या एयर डिफेंस सिस्टम पर सीधे तौर पर हमला करेगा? इसमें मुझे संदेह नजर आ रहा है, क्योंकि शुरू से ही पूरे मामले पर मेरी पैनी नजर लगी हुई है।1अक्टूबर 2024 को ईरान के हमले के कुछ घंटे पहले ही अमेरिका का ईरान के हमले संबंधी इजराईल आगाह करना, फिर 3 अक्टूबर 2024 को इजरायल द्वारा संभावित जवाबी कार्रवाई की उम्मीद नहीं जताना, तेल संयंत्रों के हमले के जवाब से कन्नी काटना सहित कुछ बातें हैं जो अमेरिका के सटीक अंदाज से हो रही है, जिससे मुझे ऐसा लग रहा है कि शायद इजरायल ईरान पर सीधा हमला न कर पहले उसकी सहयोगी ताकतों लेबनान हमास जकार्ता इत्यादि को तोड़ने या नुकसान पहुँचाने की कोशिशकर सकता है है। 5 नवंबर 2024 को अमेरिका में होने वाले चुनाव को ध्यान में रखते हुए रणनीति तैयार हो सकती है,क्योंकिट्रंप और हैरिस दोनों ही इजरायल के पक्ष में है, फिर उनके पीछे पूरा नाटो, ईयू भी खड़ा है। हालांकि इजरायल ईरान की अपेक्षा क्षेत्रफल मेंबहुत ही छोटा है परंतु आधुनिकता के लिहाज से बहुत बड़ा है। ईरान के पास अगर अंदरूनी परमाणु वेपेंस है, तो इजरायल के पास नाटो व ईयू साथ हैं। परंतु इस सब के बीच इस पूरे कयास में नुकसान पूरे विश्व की जनता को ही भुगतना होगा, क्योंकि ईरान पारस ओमान, कैस्पियन की खाड़ी के रास्तों से वैश्विक व्यापार होता है जिसका असर भारत सहित पूरे विश्व पर पड़ेगा।तैलिय पदार्थों में भारी बढ़ोतरी होगी। आज 3 अक्टूबर 2024 को हमने देखे कि वैश्विक स्तरपर शेयर मार्केट में भारी मात्रा में गिरावट हुई है तैलिय पदार्थ में भारी मात्रा में वृद्धि हुई। भारत में भी बीएसई सेंसेक्स 1600 से अधिक अंकों व निफ्टी 500 से भी अधिक अंकों के साथ गिरा था। चूँकि इजरायल ईरान जंगी टकराहट से पश्चिम एशिया में जबरदस्त तनाव दिख रहा है जी7 की आपात बैठक भी 2 अक्टूबर 2024 को हो चुकी है।इसलिएआज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, इजरायल ईरान महासंग्राम के साए में वैश्विक इकोनामी ट्रेड तेल नौकरी मार्केट पर संकट गहराया है, जिससे भारत सहित युद्ध में तटस्थता बनाए रखने की नीति वाले देशों को नाटो,ईयू



सदस्य देशों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 3 अक्टूबर 2024 को देर रात्रि, ईरान के खिलाफ इजरायल द्वारा जवाबी हमले पर अमेरिका के राष्ट्रपति के बयान की करें तो ईरान के खिलाफ इजरायली हमलों पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो का बड़ा बयान सामने आया है।उन्होंने कहा कि उनका प्रशासन ईरान के तेल संयंत्रों पर संभावित इजरायली हमलों पर चर्चा कर रहा है। साथ ही बोले कि ईरान पर गुरुवार को इजरायल का कोई हमले की उम्मीद नहीं है।इस सवाल का जवाब देते हुए कि क्या वह इजरायल द्वारा ईरानी तेल संयंत्रों पर हमले के पक्ष में हैं ?इसपर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। इस टिप्पणी के बाद गुरुवार को तेल की कीमतों में पांच फीसदी का उछाल आया। उन्होंने आगे संकेत दिया कि गुरुवार को ईरान के मंगलवार के मिसाइल हमले पर किसी भी संभावित इजरायली जवाबी कार्रवाई की उम्मीद नहीं है। ईरान के मिसाइल हमले का इजरायल तगड़ा जवाब देने की तैयारी में जुटा है। इजरायल का कहना है कि इस बार ईरान को संभालने तक का मौका नहीं दिया जाएगा। इजरायल अपनी जवाबी कार्रवाई में ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम पर हमला करने की तैयारी में है। हमास नेता इस्माइल हानिया की तरह ईरान के बड़े नेता की हत्या भी हो सकती है?

साथियों बात अगर हम इजरायल ईरान के संभावित युद्ध में भारत सहित पूरी दुनियाँ में दिख रहे तनाव की करें तो, ईरान और इजरायल के बीच बढ़ रहे तनाव का असर पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। कच्चे तेल की कीमत में पिछले दो दिन में काफी उछाल आई है जबकि शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली है। बीएसई सेंसेक्स आज कारोबार के दौरान 1,600 अंक से अधिक गिर गया जबकि निफ्टी में भी 500 अंक से ज्यादा गिरावट रही। जानकारों का कहना है कि अगर ईरान और इजरायल के बीच युद्ध होता है तो इसका भारत समेत पूरी दुनियाँ पर व्यापक असर हो सकता है। खासकर भारत के लिए इसके व्यापक मायने हो सकते हैं। मसलन खाड़ी देशों के साथ व्यापार प्रभावित हो सकता है, पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ सकती है, वहां काम कर रहे भारतीयों की दिक्कतें बढ़ सकती हैं और देश की ग्रोथ पर असर हो सकता है। भारत के लिए सबसे बड़ा मसला एनर्जी सिक्योरिटी का है। देश अपना 85 फीसदी तेल आयात करता है। ईरान रोजाना करीब 30 लाख बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है। दुनिया की 20 प्रतिशत और भारत की 60 प्रतिशत ऑयल सप्लाई होरमूज की खाड़ी से होती है। वहां संघर्ष बढ़ता है तो कच्चे तेल की कीमत 80 बैरल प्रति डॉलर तक पहुंच सकती है। इससे भारत के व्यापार घाटा, चालू खाते का घाटा और राजकोषीय घाटा प्रभावित हो सकता है। निगेटिव सेंटीमेंट से भारतीय शेयर बाजारों पर असर दिखने लगा है। ईरान-इजरायल युद्ध से ग्लोबल जीडीपी और ट्रेड ग्रोथ पर असर हो सकता है जो भारत के लिए अच्छी स्थिति नहीं होगी।जानकारों का कहना है कि अगर ईरान के बंदरगाहों पर हमला होता है तो इसका विश्व व्यापार पर व्यापक असर होगा। ईरान फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और कैस्पियन सागर के स्थित है। इस संघर्ष से भारत का एक्सपोर्ट और इम्पोर्ट प्रभावित हो सकता है। भारत सऊदी अरब और इराक से बड़ी मात्रा में कच्चे तेल का आयात करता है। लाल सागर में जहाजों पर हूतियों के हमले के कारण पहले ही फ्रेट कॉस्ट में काफी तेजी आई है। इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भारत के तेल आयात में पश्चिम एशिया की हिस्सेदारी 23 फीसदी है। ईरान अपने कच्चे तेल का 90 फीसदी हिस्सा चीन को देता है। पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के कारण कई देश ईरान से तेल नहीं खरीदते हैं। ईरान और इजरायल का संघर्ष लंबे समय तक रहता है तो इसका असर भारत सहित वैश्विक स्तरपर रोजगार के मोर्चे पर भी देखने को मिल सकता है। बड़ी संख्या में भारत के लोग पश्चिम एशियाई देशों में नौकरी के लिए जाते हैं। इतना ही नहीं उन देशों में काम कर रहे भारतीय स्वदेश लौट सकते हैं जिससे दूसरी तरह की समस्या हो सकती है। भारतीय कामगार इन देशों में अलग परिस्थितियों में रहते हैं और सालाना सात लाख रुपये तक बचाते हैं। लेकिन भारत में यह संभव नहीं है।ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव का असर कच्चे तेल पर पड़ेगा। भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है और कुल खपत का 7 फीसदी सऊदी अरब कुवैत इराक से लेता है।ऐसे में भारत के लिए यह जंग बड़ी चुनौती बन सकती है।कच्चे तेल के अलावा भारत और इजराइल के बीच हथियार समेत अरबों डॉलर का व्यापार होता है, जो इस जंग से प्रभावित हो सकता है। जानकारों का कहना है कि ईरान और इजराइल का संघर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर सकता है।वहीं, भारतसहित अन्य देशों के लिए लंबे समय तक तटस्थता वाली नीति पर बने रहना भी मुश्किल हो सकता है। अगर भारत सहित तटस्थता वाले देश इजराइल के साथ अपने संबंध बनाए रखने की कोशिश करते है तो ईरान के साथ उसके रिश्ते बहुत खराब हो सकते हैं, और अगर उसने ईरान से करीबी दिखाई तो उसे इजराइल के साथ ही अमेरिका की भी नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे किइजरायल-ईरान महासंग्राम के साए में वैश्विक इकोनामी ट्रेड, तेल,नौकरी, मार्केट पर संकट गहराया।इजरायल-ईरान जंगी टकराहट- पश्चिम एशिया में जबरदस्त तनाव-जी-7 की आपात बैठक हुई।भारत सहित युद्ध में तटस्थता बनाए रखने की नीति वाले देशों को नाटो, ईयू सदस्य देशों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है?

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कोई पुरस्कार मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को अपने व्यवहार में मधुरता बनाए रखनी होगी, तभी आप लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर सकेंगे। आपको कमाई के अच्छे स्रोत मिलने वाले हैं। आय बढ़ने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। मन में यदि किसी बात को लेकर संशय चल रहा है, तो उसके लिए आप अपने परिवार में बड़े सदस्यों से बातचीत कर सकते हैं। संतान की संगति पर आपको विशेष ध्यान देना होगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। विद्यार्थियों को अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका मिल सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को खुश करने के लिए नए-नए तरीके अपनएंगे। आपकी अपने बॉस से किसी बात को लेकर बहस बाजी हो सकती है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप कोई भी जरूरी जानकारी शेयर न करें। आपको अपने कामों को लेकर सोच विचार अवश्य करना होगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। यदि आप धन संबंधी समस्याओं को लेकर परेशान थे, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपके बिजनेस में आप बदलाव कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कोई काम मिलने से अपने सहयोगियों से भी बातचीत करनी होगी, तभी वह काम पूरा हो सकता है। आप अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी धार्मिक कार्यों के प्रति रुचि देख परिवार के सदस्यों को खुशी होगी। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी, लेकिन बिजनेस में आप थोड़ा सोच समझकर ही किसी के साथ साझेदारी करें। परिवार के सदस्यों के साथ आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आपके जीवनसाथी की आपसे कुछ खटपट होने की संभावना है, इसीलिए यदि कोई ऐसी स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें सूझबूझ दिखाएं और मामले को संभाल ले।

सिंह- आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आप किसी नए काम की शुरूआत करने में थोड़ा सोच विचार अवश्य करें। आपका कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएगा। आपको अपनी सेहत के प्रति लापरवाही नहीं बरतनी है। संतान आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेगी। यदि ऐसा हो, तो आपको उन्हे मनाने की कोशिश करनी होगी। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। माताजी से किए हुए वादे को आप पूरा करने की कोशिश करेंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर भी बातचीत करेंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपको धन को लेकर थोड़ा समझदारी से चलने की आवश्यकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपका कोई निर्णय आपको खुशी देगा। आपको शीघ्रता किसी मामले को संयम रखकर निपटाने की आवश्यकता है। आपकी किसी मन की इच्छा की पूर्ति होने से आप खुश रहेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विवाह योग्य जातकों के लिए उत्तम विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। परिवार में किसी से खटपट होने की संभावना है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आपको कारोबार में कोई अच्छा लाभ मिल सकता है। साझेदारी में किसी काम को करना आपके लिए बेहतर रहेगा। विद्यार्थियों को किसी परीक्षा को देने में समस्या आएगी, क्योंकि उनका ध्यान पढ़ाई पर थोड़ा कम लगेगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर संतान के भविष्य को लेकर कोई प्लानिंग कर सकते हैं। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी, जिसमें आपके बचपन की यादें ताजा होगी। आप अपनी जिम्मेदारियां को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे।

धनु- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपका अध्यात्म के कार्यों में काफी रुझान रहेगा। धर्म-कर्म के कार्य में भी आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। आप अपनी तरक्की की राह में आ रही बाधाओं को आसानी से दूर कर सकेंगे। आपके कुछ विरोधी उत्पन्न होंगे, लेकिन आप अपनी चतुर बुद्धि को आसानी से मात दे सकेंगे। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होने से आपको खुशी होगी। आप अपने घर की जरूरत की कुछ वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको किसी जमीन जायदाद से संबंधित मामले को लेकर बेहतर परिणाम मिलेंगे। परिवार में लोग एकजुट रहेंगे। आपके घर आज किसी धार्मिक कार्यक्रम की चर्चा हो सकती है। आपको अपनी जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देना होगा, जो जातक सरकारी नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। बिजनेस में यदि आपका धन डूबा हुआ था, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको बिजनेस में लाभ मिलने की संभावना है। आप अपने कीमती सामानों पर पूरा ध्यान दें। भाई व बहन आपसे कोई मदद मांग सकते हैं। आपको अपने पिताजी से कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोलनी होगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के लिए कोई गिफ्ट लेकर आएंगे।

मीन- आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके शत्रु आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रच सकते हैं, इसलिए आप अपनी आंख व कान खुले रखकर कार्य करें। जीवनसाथी को कोई दिल से संबंधित समस्या हो सकती हैं, जिसके लिए आपको ढील बिल्कुल नहीं देनी है। गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याएं भी काफी हद तक दूर होगी। आपको किसी प्रॉपर्टी से संबंधित मामले को परिवार के सदस्यों की सहमति से ही निपटना बेहतर रहेगा।

## लव जिहाद और चुप्पी का खेल

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



दोनों की कहानी एक जैसी थी। बस फर्क इतना था कि सुनीता ने जहाँ मुस्लिम लड़के से प्यार में पड़कर खुद के कई टुकडे करवाए वहीं अनीता अपने ही धर्म के लड़के के प्यार में पड़कर सुनीता जैसा हाल करवाया। बस फर्क इतना था कि सुनीता की खबर को मीडिया ने जितनी हाइप उतनी अनीता को नहीं दी। इसी को लेकर सुनीता और अनीता ऊपर की दुनिया में, आपस में बातचीत कर रही थीं। सुनीता, जो एक मुसलमान लड़के के प्यार में पड़कर लव जिहाद का शिकार हुई थी, और अनीता, जो एक हिंदू लड़के के हाथों कई टुकड़ों में बंट चुकी थी, दोनों ने एक-दूसरे से अपनी कहानी साझा करने का फैसला किया।

**सुनीता:** (हंसते हुए) अरे अनीता, देखो तो हमारी ज़िंदगी का क्या हाल है! मैं तो यहाँ ऊपरी दुनिया में हूँ, लेकिन मेरी कहानी तो अभी भी जमीन पर गूंज रही है। टीवी पर, सोशल मीडिया पर, हर जगह लव जिहाद का हायप है। सब लोग मेरी बात कर रहे हैं।

अनीता (थोड़ी निराशा से) हाँ, तुम्हारी बात तो सही है। मुझे देखो, मुझे तो कोई जानता भी नहीं। मेरे टुकड़े हुए और सब खामोश। मानो मेरे टुकड़े होने के बाद खून-मांस का मंजर न होकर पवित्र फूलों का दृश्य बन गया हो। हिंदू लड़के के इर कार्य को किसी ने नोटिस भी नहीं किया।

**सुनीता:** (हंसते हुए) तुमने सही कहा। मीडिया तो हमेशा से एक तरफा है। जब तुम्हारी तरह एक हिंदू लड़का ऐसा करता है, तो वो तो ₹पवित्र प्रेम₹ हो जाता है। और जब मैं लव जिहाद का शिकार होती हूँ, तो जैसे पूरी दुनिया को मेरे पर जुल्म हुआ है!

अनीताः (हंसते हुए) सच में! ये लोग हमसे प्यार नहीं करते, बल्कि कहानियों को बढ़ाने का एक जरिया ढूंढते हैं। लव जिहाद की स्टोरी ने तो टीआरपी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए, लेकिन मैं? बस एक संख्या बन गई।

**सुनीता:** (ध्यान में) अरे अनीता, तुम सोच रही हो न कि क्या होगा अगर हम दोनों की कहानियाँ उलट-पुलट कर दी जाएँ? क्या होता अगर मैं एक हिंदू लड़के के साथ होती और तुम मुसलमान लड़के के साथ?

अनीताः (हंसते हुए) तो फिर तुम्हारे साथ नाटक होता, जबकि मेरे साथ ₹पवित्र कार्य₹ का तमाशा होता! मैं तो टुकड़ों में बंटी होती, लेकिन कोई नहीं बोलता। क्योंकि मैं तो अपने धर्म में ही मर गई, है न?

**जेहरा:** (कनखियों से) और तुम जानती हो, अब तो यह भी तय हो गया है कि मीडिया और समाज को बस वही कथाएँ पसंद हैं, जो उन्हें गुदगुदाती हैं। अगर तुम्हारे टुकड़े होते हैं, तो वो तो बस चुप रहते हैं।

**अनीता:** (गंभीरता से) बिल्कुल। एक बार कोई लव जिहाद की बात करे तो सबके मुँह में पानी आ जाता है। जैसे ₹क्या प्यार में कुछ नहीं होता?₹ ये सवाल तो उन्हें हिला देता है। लेकिन हम? हम तो बस एक खामोशी में खो गए हैं।

**सुनीता:** (सिर हिलाते हुए) और सोचो, हमारे परिवारों को भी इस बारे में कितना दर्द हुआ होगा। जब तुमने सुनने की कोशिश की, तो तुम्हारे मामले में कोई भी नहीं आया।

**अनीता:** (थोड़ी नाराजगी से) और हमें बताया गया कि प्यार तो कभी गलत नहीं होता। हंसी मजाक के नाम पर हमारे साथ सख्त अनुशासन का खेल हो रहा है।

**सुनीता:** (मुस्कराते हुए) लेकिन देखो, हम यहाँ ऊपर हैं। हमें उन सभी पवित्र कार्यों की परवाह नहीं है। बस हमें यह समझना है कि प्यार में नफरत नहीं होनी चाहिए।

**अनीता:** (सहमति में सिर हिलाते हुए) सही कहा तुमने। अगर प्यार के नाम पर हमें तोड़ा गया, तो उसे प्यार नहीं, बलात्कार कहना चाहिए।

**सुनीता:** (थोड़ी गंभीरता से) और हम यहाँ पर हैं, यह साबित करने के लिए कि प्यार को कभी भी हथियार नहीं बनाना चाहिए। न तो मीडिया के लिए और न ही समाज के लिए।

**अनीता:** (हंसते हुए) और जब हम ऊपर हैं, तो हमारे लिए कोई कहानी नहीं है। बस एक हसीन ज़िंदगी है। तो क्यों न हम यह बात पूरी दुनिया को बताएं?

**सुनीता:** (उत्साह से) बिल्कुल! हमें बताना चाहिए कि समाज को प्यार का मतलब समझना चाहिए। हमें टुकड़ों में काटने के बजाय एकजुट होकर प्यार करना चाहिए।

अनीताः (हंसते हुए) अगर हम जिंदा होतीं तो हमारी आवाज उठाने के लिए कोई न कोई चैनल तो ढूंढता। लेकिन यहाँ तो हम बस हंसते हैं। चलो, हम यहाँ प्यार की एक नई परिभाषा लिखते हैं।

समसामायिक

मनोज कुमार अग्रवाल

# साई बाबा की हिन्दू मंदिरों से बेदखली की कवायद शुरू

यूपी की पवित्र नगरी वाराणसी में हिन्दू मंदिरों से साईं बाबा की मूर्ति को विस्थापित करने का सिलसिला शुरू किया गया है। वाराणसी में सनातन रक्षक दल ने मंगलवार, 1 अक्टूबर को बिना किसी विरोध या प्रतिक्रिया के 14 मंदिरों से साईं बाबा की मूर्तियां हटा दीं। दल के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि सनातन मंदिर में सनातन देवी-देवता होने चाहिए। समाजवादी पार्टी ने कहा- ये लोग काशी का माहौल खराब कर रहे हैं।हाल ही में शंकराचार्य ने साईं की मूर्ति लगाने और पूजा करने पर हिन्दुओं को चेताया और इसे सनातन के विपरीत करार देते हुए घोर आपत्ति जताई।

आपको बता दें कि पिछले दो दशकों में मुस्लिम फकीर साईबाबा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया आरोप है कि एक सोची समझी साजिश के तहत एक समुदाय विशेष के सनाढय लोगों और विदेशी फंड से न्यूज चैनलों पर साईं की महिमा का बखान करने वाले समाचार विडियो प्रसारण कराए गए साईं की पत्थर की प्रतिमा से आंसू निकलने के मनगढंत न्यूज विडियो बना कर बाकायदा न्यूज चैनलों को पैसा देकर बार बार प्रसारित कराया गया। इस के अलावा समुदाय विशेष की माफिया लाबी द्वारा सनातन धर्म वैष्णो देवी व चार धाम तथा द्वादश शिवलिंग पूजा पर लगातार भक्ति गीत संगीत बनाकर टीसीरीज कंपनी से धार्मिक आस्था व श्रद्धा का अभियान चला रहे गुलशन कुमार की सरेआम विधर्मी माफियाओं के गुर्गों ने मुंबई की सड़कों पर दिनदहाड़े हत्या कर दी थी बताया जाता है कि इस के पीछे भी माता वैष्णो देवी में बढ़ते तीर्थयात्रियों सनातन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए कुछ लोगों के दिल पर सांप लोट रहा था और वह अन्य का प्रचार प्रसार करने के लिए मशहूर गायक और उस की कंपनी को डरा धमका रहे थे। उनकी योजना साईं ट्रस्ट को देश व्यापी बना कर हर मंदिर में साईं की मूर्ति प्लांट करने की थी। गुलशन कुमार की हत्या के बाद इस षडयंत्र को बल मिला और भारत के धर्मभीरू हिन्दुओं के बीच साईं महिमा का साहित्य बांट कर गुरुवार को साईं व्रत के लिए उकसाया गया और स्थान स्थान पर साईं मंदिर व पुराने मंदिरों में साईं प्रतिमा स्थापित करायी गयी। देखते ही देखते शिरडी के सांई मंदिर पर तीर्थ जैसी भीड़ लगने लगी और देश भर के मंदिरों में साईं की मूर्ति लगाने का काम शुरू हो गया। हजारों मंदिरों में साईं मूर्ति लगा दी गई। इतना ही नहीं साईं बाबा को अखंड ब्रम्हांड नायक व साई राम जैसे नाम व विशेषणों से भी नवाजा जाने लगा। साईं के विरोधी और कट्टर हिन्दुओं का तर्क है कि ऐसे कई सूफी संत हुए हैं जिन्होंने राम-कृष्ण की भक्ति के माध्यम से हिन्दुओं को धीरे-धीरे इस्लाम के प्रति श्रद्धावान बनाया और अंततः उन्हें इस्लाम की ओर मोड़ दिया। आज भी ऐसे कई संत सक्रिय हैं। साईं बाबा भी इसी साजिश का एक हिस्सा है। साईं के बारे में ऐसे लोगों का तर्क है कि साई अपना ज्यादातर वक्त मुस्लिम फकीरों के संग बिताते थे। वे कुछ महीनों तक अजमेर में भी रहे थे। साई पूर्णतः एक मुस्लिम फकीर थे और मुसलमानों की तरह ही उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन-यापन किया। आओ जानते हैं कि साईं विरोधियों का साईं के बारे में तर्क है कि साई' शब्द फारसी का है जिसका अर्थ होता है 'संत'। उस काल में आमतौर पर भारत के पाकिस्तानी हिस्से में मुस्लिम संन्यासियों के लिए इस शब्द का प्रयोग होता था। शिर्डी में साईं सबसे पहले जिस मंदिर के बाहर आकर रुके थे उसके पुजारी ने उन्हें साईं कहकर ही संबोधित किया था। आरोप है कि साईं को हिन्दू धर्म ग्रंथों शास्त्र पुराणों का कोई ज्ञान नहीं था। वह लगातार अल्लाह मालिक का जाप करते थे। वह एक मस्जिद में रहते थे वह इस निवास को द्वारकामाई कहते थे , आज ऐसा करने की कोशिश करो तो तुम्हारे खिलाफ फतवा जारी कर दिया जाएगा और तुम्हें शहर से बाहर निकाल दिया जाएगा। वह इस्लामी सिद्धांतों पर विचार करने में समय बिताते थे और उनके साथी अब्दुल उन्हें कुरान की आयतें पढ़ा करते थे, गीता क्यों नहीं ?साईं बाबा की गैर-हिंदू विचारधारा की बढ़ती आलोचनाओं का मुकाबला करने के लिए, अनुयायियों ने यह दावा करते हुए सिद्धांत गढ़े कि उनका जन्म ब्राह्मण के रूप में हुआ था, लेकिन उन्हें त्याग दिया गया और बाद में मुसलमानों ने उन्हें गोद ले लिया।

ध्यान रहे, मुसलमान उन्हे कोई महत्व नहीं देते तथा उसे विधर्मी और गैर- इस्लामी बताकर उसकी निंदा करते हैं।केवल जादुई सोच से भ्रमित कमजोर इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति ही अपने जीवन में चमत्कार होने की आशा में साईं की पूजा करते हैं।ऐसा भी बताया जाता है कि वह शाकाहारी भी नहीं थे। बहरहाल इन दिनों यूपी के वाराणसी से मंदिर में बैठा कर पूजे जा रहे साईं बाबा को बेदखल करने का सिलसिला शुरू किया गया है। आज सांई की कुछ मूर्तियों को गंगा में विसर्जित किया गया और कुछ को उनके मंदिरों में पहुंचाया जा रहा है। सनातन रक्षक दल ने अभी 100 और मंदिरों की लिस्ट बनाई है।तीन दिन पहले वाराणसी शहर के सबसे प्रमुख बड़ा गणेश मंदिर से साईं बाबा की मूर्ति को हटाकर गंगा में विसर्जित किया गया था। पुरुषोत्तम मंदिर से भी मूर्ति हटाई जा चुकी है। इसके अलावा कई मंदिरों में मूर्तियों को सफेद कपड़े में लपेट कर रख दिया गया है।इस अभियान का आगाज शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने किया था। अब सनातन रक्षक दल इस अभियान को आगे बढ़ा रहा है।बड़ा गणेश मंदिर के पास रहने वाले बुजुर्गों से भास्कर ने बात की। उन्होंने कहा, 'आज हमने देखा साईं बाबा की मूर्ति यहां से हटा दी गई थी। अगर सनातन मंदिर में साईं की मूर्ति से आपत्ति थी तो उसे लगाना ही नहीं चाहिए था, अगर लगा दिया तो उसे सम्मान से हटाते।इस तरह गलियों में मूर्ति के टुकड़े फेंक देना उचित नहीं है। हालांकि टुकड़े मूर्ति के नहीं, बल्कि सिंहासन से जुड़े हैं। एक और बुजुर्ग ने कहा- इस तरह मूर्तियों को लगा कर उन्हें हटा देना गलत है। रविवार को बड़ी संख्या में सनातन रक्षक दल के सदस्य लोहटिया स्थित बड़ा गणेश मंदिर पहुंचे थे। यह ऐतिहासिक मंदिर है, यहां रोज हजारों भक्तों की भीड़ रहती है। मंदिर परिसर में 5 फीट की साईं मूर्ति भी स्थापित थी। सनातन रक्षक दल के सदस्य यहां से साईं की मूर्ति को कपड़े में लपेटकर ले गए और गंगा में विसर्जित कर दिया विधान परिषद सदस्य और सपा नेता आशुतोष सिन्हा ने कहा, 'बनारस आस्था का केंद्र है। आजकल नई-नई बातें सुनने को मिल रही हैं। इससे पहले लगातार पूजा होती रही है। मैं किसी धर्म या भगवान पर टिप्पणी नहीं कर रहा। समझ नहीं आ रहा कि इसकी जरूरत क्यों पड़ी। आज बनारस की मुख्य समस्या सीवर-पानी है। गंगा के प्रदूषण पर बात नहीं हो रही। विकास के नाम पर यहां 50 से ज्यादा मंदिर तोड़े गए। इस पर चर्चा नहीं हुई। आखिर कब तक ऐसे मंदिर, मस्जिद, भगवान और साईं बाबा पर बात होगी। पढ़ाई-लिखाई, बनारस की तरक्की और रोजगार पर बात होनी चाहिए।'वहीं इस मुद्दे पर पुजारी बोले- जानकारी के अभाव में पूजा होती रही। बड़ा गणेश मंदिर के महंत रम्मू गुरु ने कहा, 'जानकारी के अभाव में साईं की पूजा हो रही थी। शास्त्र के अनुसार इनकी पूजा वर्जित है। जानकारी होने के बाद स्वेच्छा से प्रतिमा हटवा दी गई। अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकर पुरी ने कहा- शास्त्रों में कहीं भी साईं की पूजा का वर्णन नहीं मिलता है। इसलिए अब मंदिर में स्थापित मूर्ति हटाई जा रही है।' सनातन रक्षक दल के प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया,भक्तों की भावनाओं को देखते हुए ही शहर के मंदिरों से साईं प्रतिमा को हटवाने का अभियान चलाया जा रहा है। संभव है कि देश के कुछ अन्य राज्यों के शहर कस्बों में भी इस तरह की साईं बाबा की बेदखली का सिलसिला शुरू हो सकता है। हालांकि इस बात को नहीं नकारा जा सकता है कि कालांतर में बेशक व्यापक प्रचार प्रसार के प्रभाव से प्रभावित हो कर ही सही करोड़ों लोगों की आस्था साईं से जुड़ी है ऐसे में कारवाई करते हुए साईं के भक्तों की भावना का भी ध्यान रखना होगा और मूर्ति को प्रवाहित करने या सम्मान जनक तरीके से निस्तारण करना चाहिए ताकि किसी की भावनाओं को ठेस न लगे।

# कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए समन्वय के साथ करें कार्रवाई:कलेक्टर

## कलेक्टर ने बस्तर दशहरा पर्व के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 5 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस एस. ने कहा कि कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैयारी के साथ परिस्थिति अनुसार कार्यवाही करें। इसके लिए राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्यों को सुनिश्चित करें, मैदानी स्तर पर सम्बन्धित अधिकारी निरन्तर संपर्क में रहें। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मैदानी अमलों की जानकारी-सूचना तंत्र सशक्त होना जरूरी है। प्रशासन का मूल कार्य कानून व्यवस्था को कायम रखना है और वर्तमान में ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के मद्देनजर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना अहम जिम्मेदारी है। इस दिशा में



सम्बन्धित सभी अधिकारी समन्वित रूप से दायित्व निर्वहन करें। कलेक्टर श्री हरिस ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की बैठक में उक्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के श्रद्धालु पदयात्रियों की अधिकता को देखते हुए वाहनों की गति नियंत्रण तथा समुचित सुरक्षा हेतु पहल करने के निर्देश दिए। साथ ही पदयात्री सुविधा केंद्रों में सुरक्षा की व्यवस्था सहित स्वास्थ्य दलों की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर दशहरा पर्व में रथ परिक्रमा के दौरान विद्युत बंद होने की स्थिति में जनरेटर एवं सर्च लाईट की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के दौरान सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय सुनिश्चित कर विभिन्न दायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से करने कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने बस्तर दशहरा पर्व के दौरान विशेष सतर्कता बरतने पर जोर देते हुए कहा कि शहर में नागरिकों के साथ ही गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण भी दशहरा पर्व में शामिल होने आएंगे। वहीं देश के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक भी पहुचेंगे। इसे देखते हुए बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रबंधन जरूरी है एवं आपातकालीन परिस्थिति हेतु प्रशासन की तैयारी और नियंत्रण हेतु आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता का जांच भी जरूरी है। एसपी ने दशहरा पर्व के दौरान मांझी-चालकी, पुजारी, सिरहा, गुनिया, पाईक, पटेल जैसे पारम्परिक ग्रामीण नेतृत्व से भी चर्चा कर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## एक नजर

### स्पेशल एजुकेटर के लिए वॉक इन इंटरव्यू 15 अक्टूबर को

**सुकमा, 5 अक्तूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । समग्र शिक्षा सुकमा के अंतर्गत विकासखण्ड-कोन्टा हेतु 01 स्पेशल एजुकेटर प्रशासकीय स्वीकृति अनुसार निश्चित अवधि के लिए दिनांक 15 अक्तूबर 2024 को समय 11.00 बजे से 1.00 बजे तक वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से योग्य उम्मीदावारों का चयन कर भर्ती किया जाएगा। विस्तृत जानकारी हेतु सुकमा जिले के वेबसाईट www.sukma.gov.in में एवं जिला शिक्षा कार्यालय सुकमा के सूचना पटल में देखा जा सकता है।

### कानापोड़, तुएगुहान, कुर्रुटोला और बारदेवरी बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम

**उत्तर बस्तर कांकेर,5 अक्टूबर।** जिले के विकासखण्ड चारामा, भानुप्रतापपुर एवं कांकेर के विभिन्न ग्राम पंचायत कानापोड़, तुएगुहान, कुर्रुटोला और बारदेवरी में हर घर जल उत्सव आयोजित कर ग्रामों को प्रमाणीकरण भी किया गया। ग्राम कानापोड़ और तुएगुहान में ग्राम पंचायत सरपंच तथा ग्राम कुरुटोला में सचिव की अध्यक्षता में कार्यक्रम को आयोजित किया गया। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री बी एन भोयर ने बताया कि ग्राम सभा में जिला समन्वयक द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराते आगे भी योजना को सुचारू रूप से सफलतापूर्वक संचालित करने की तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी दी गई, ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति हो सके। उनके द्वारा जल जीवन मिशन योजना की संपूर्ण जानकारी देते पाईप लाईन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करने की बात कहीं। साथ ही जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को अपने दायित्वों को सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि, जिला समन्वयक, पंप ऑपरेटर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा रही वृहद ग्रामसभा

**उत्तर बस्तर कांकेर,5 अक्टूबर।** जिले की ग्राम पंचायत लखनपुरी, खैरखेड़ा, अरौद, कोचवाही, रिसेवाड़ा, तुलतुली और कोकपुर में स्वयं सेवी संगठन के सहयोग से वृहद ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में ''गांव की कहानी बुजुर्गों की जुबानी, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता एवं नशामुक्ति पर शपथ, ग्राम पंचायत विकास योजना और पंचायत विकास सूचकांक आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याओं और उनके समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी चारामा ने ग्राम पंचायत लखनपुरी में ग्रामीणों की समस्या सुनी और उसके समाधान के लिए शासकीय योजनाओं के बारे में अवगत कराया तथा उन्होंने स्वच्छता पर विशेष जोर दिया।

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 7 अक्टूबर को

**उत्तर बस्तर कांकेर,5 अक्टूबर।** जिले के बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में विभिन्न पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में बताया गया कि रिटेल, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन एवं सिक्यूरिटी गार्ड के रिक्त 30-30 सीटों पर जिलावासियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा। इसके लिए आगामी 07 अक्टूबर को गोविंदपुर कांकेर स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में सुबह 11 से सायं 04 बजे तक काउंसिलिंग की जाएगी। सहायक परियोजना अधिकारी लाइवलीहुड ने बताया कि जिले के ऐसे युवक-युवती जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है तथा जो उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हैं, वे शैक्षणिक योग्यता की अंक सूची, आधार कार्ड, चार पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ्स तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति लेकर काउंसिलिंग हेतु उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### स्वरोजगार ऋण के लिए अजा-अजजा से आवेदन आमंत्रित

**उत्तर बस्तर कांकेर,5 अक्टूबर।** जिले में निवासरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु बैंक प्रवर्तित योजनाओं के लिए आवेदन पत्र आगामी 25 अक्टूबर तक आमंत्रित किया गया है। जिला अंत्यावसायी के कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी कि अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 96 और आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 106 का लक्ष्य रखा गया है। पात्रता- आवेदक संबंधित जाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो, पारिवारिक वार्षिक आय शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में 01 लाख 50 हजार से अधिक ने हो, आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच हो, जन्म तिथि दर्शित 5वीं, 8वीं तथा 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, पैनकार्ड, राशन कार्ड, परिचय पत्र एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ्स तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति और 10 रूपए के स्टाम्प में किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था से ऋण अनुदान का लाभ नहीं लिए होने का शपथ पत्र। उपरोक्त पात्रता एवं शर्तें रखने वाले आवेदक अपना आवेदन जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर के कलेक्टोरेट कम्पोजिट भवन प्रथम तल कक्ष क्रमांक-06 में 25 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

### नगरपालिका कर्मियों ने किया जीएडी कॉलोनी पार्क में श्रमदान

**दंतेवाड़ा, 5 अक्टूबर।** कार्यालय नगरपालिका द्वारा दी गई जानकारी अनुसार स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कलेक्टर के निर्देश अनुरूप एवं स्वच्छता ही सेवा के तहत 100 घंटे श्रमदान करने का शपथ लिया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री पवन कुमार मेरिया की उपस्थिति मे आज 05 अक्टूबर को कार्यालय नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं समस्त स्वच्छता दीदियों के द्वारा जीएडी पार्क में श्रमदान कर साफ सफाई की गयी।

# सुकमा में मछलीपालन की असीम संभावनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 5 अक्टूबर।** सुकमा एक नवोदित जिला है परंतु यहां के हर गांव में हमें छोटे-बढे तालाब और डबरी देखने को मिल ही जाता है। इसी तारतम्य में कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्रम सहायक डॉ संजय सिंह राठौर को कुछ दिन पहले निर्गुड़ीपारा से श्री जगन्नाथ ने संपर्क किया, उन्होंने अपने तालाब में पाले गए मछलियों की तेजी से बढ़त हेतु उपाय पूछा। डॉ राठौर ने उन्हें आश्वस्त करते हुए 30 सितंबर 24 को उनके तालाब का निरीक्षण किया और उन्हें मछली की प्राकृतिक भोजन निर्माण की प्रक्रिया को किसान मित्र से करवाकर सिखाया। इसके लिए उन्होंने गाय का ताजा गोबर, खली, हालर मिल का कोढ़ा यूरिया और सिंगल सुपर फास्फेट को अच्छे से मिलाकर तीन दिन तक किण्वन हेतु रखने कहा। तत्पश्चात तालाब में छिड़कने की विधि भी समझाई। स्वय से सीखने पर जगन्नाथ का



आत्मविश्वास काफी बढ़ गया और उन्होंने आने वाले समय में मछली पालन को व्यापक रूप में करने का इरादा जताया। डा राठौर ने नयानार निवासी श्री जोगा मरकाम जिनके पास बड़े क्षेत्रफल वाले दो तालाब है, को मछली बच्चा डालने से पूर्व की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि वे धान की अपेक्षा मछली पालन से अपनी आय को काफी हद तक बेहतर कर सकते हैं। जोगा जी उनकी बातों से काफी प्रभावित हुए और भविष्य में संपूर्ण संसाधनों का सदुपयोग करते हुए मछली पालन करने की प्रबल इच्छा जताई। उन्होंने कोर्रा स्थित तालाबों का भी निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के ज्योतिष कुमार पोटला भी उपस्थित रहे।

डा राठौर ने 02 अक्टूबर को धोबनपाल में कोसाराम जी के तालाब में पुनः निरीक्षण किया। किसान मित्र ने बताया कि राठौर के बताए गए उपायों से मछलियों का मरना कम हो गया है। उनके दो और तालाबों का भ्रमण करते हुए आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही साथ उन्होंने पाइकपारा के तालाबों का भी निरीक्षण करते हुए किसानों को आधुनिक तरीको से एवम समन्वित कृषि पद्धति (मछली के साथ मुर्गी पालन, बटेर पालन, बतख पालन, गाय पालन, बकरी पालन) अपनाकर आय को दुगुना करने की जानकारी दी गई। डा राठौर ने सुकमा में अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि जिले के अधिकतर तालाब सीजनल है और रेतीली, मुरूमी मिट्टी होने के कारण गर्मी के दिनों में ये सुख जाते हैं। इन्हें गहरीकरण और काली मिट्टी की परत बिछाकर पेरिनियल (साल भर पानी होना) बनाया जा सकता है और सुकमा के विकास में मछली पालकों की भूमिका विशेष हो सकती है। इस दौरान छिंदगढ़ के मत्स्य निरीक्षक श्री रमेश कुमार टंडन भी उपस्थित थे।

# अस्पृश्यता निवारण के लिए सोड़ीपारा में किया गया सद्भावना शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 5 अक्टूबर।** जिला मुख्यालय सुकमा में सर्व आदिवासी समाज भवन, सोड़ीपारा, सुकमा में 02 अक्टूबर, बुधवार को अस्पृश्यता निवारणार्थ एक सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज में व्याप्त अस्पृश्यता जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूकता फैलाना और छत्तीसगढ़ आकस्मिकता नियम 1995 के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना था। शिविर में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के लोगों को कानून के विभिन्न पहलुओं, विशेष रूप से नियम 11 एवं 12 के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान आम जनता को यह भी जानकारी दी गई कि वे किस प्रकार कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं और अत्याचार के मामलों में अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए, जिन्होंने समाज में व्याप्त



भेदभाव और अत्याचार के खिलाफ अपने विचार व्यक्त किए। आयोजकों ने ऐसे शिविरों के माध्यम से समाज में सद्भावना और समानता का संदेश फैलाने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर परसहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री शरदचंद शुक्ला, जनपद उपाध्यक्ष श्री डमरू नाग, जनपद उपाध्यक्ष श्री डमरू नाग व समाज प्रमुख श्री काशीमुद्दीन खान, श्री ठगड़ूराम यादव, श्री जगदीश निषाद, श्री सोनू राम नाग, श्रीमति भुवनेश्वरी यादव, श्री अनिल मांडवी, कु. शिल्पा मांडवी, श्रीमती चंद्रिका गुप्ता, श्रीमती लक्ष्मा शर्मा, श्री विक्रांत देव, श्री राजकुमार श्रीवाने, श्री रमेश यादव, श्री फरहान हाशमी, श्री राजेंद्र कुलदीप, श्री हांदा राम सोडी, श्री लीलाधर राठी, श्री नरेंद्र सोड़ी, गौरव राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### जन योजना अभियान के तहत गांव में होने वाले विकास की दी जानकारी

**दंतेवाड़ा, 05 अक्टूबर** । ग्राम सभा जन योजना अभियान के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा चयनित 750 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किये जाने हेतु इस जिले के जनपद पंचायत गीदम की चार पंचायतें, गुमडा, गुटोली, कसोली 01, बिंजाम, जनपद पंचायत दंतेवाड़ा की 1 पंचायत बालूद तथा जनपद पंचायत कुआकोंडा की 2 पंचायतें पालनार व गढमीरी में विषेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गुमडा में ग्राम सभा के जिला नोडल अधिकारी व जनपद पंचायत गीदम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कृपेन्द्र तिवारी ने ग्राम सभा की महत्व और उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाएं ग्रामीण विकास और योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागिता सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। और सभा में ग्राम वासियों को जन योजनाओं, पंचायत की विकास योजनाओं और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती है।



भिलाई 5 अक्टूबर। भिलाई के आकाश गंगा में बना दुर्गा पंडाल।

### जैविक खेती के लिए दिया गया प्रशिक्षण और सामग्री का वितरण भी लोगों को किया गया

**दंतेवाड़ा, 5 अक्टूबर** । कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार विगत दिवस राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बैंगलोर द्वारा प्रदत्त आदिवासी उप परियोजना अंतर्गत जैविक खेती एवं जागरूकता के लिए प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी किसानों को जैविक खेती के लाभों के प्रति जागरूक करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, कृषि कीट विज्ञान विभाग से डॉ- योगेश कुमार मेश्राम, प्रमुख अन्वेषक, जैविक नियंत्रण प्रयोगशाला ने कृषकों को खेती में जैव उत्पादों का उपयोग करने, डॉ बी.पी. कतलम, प्रमुख वैज्ञानिक ने कृषक मित्र कीटों के संरक्षण, डॉ. विकास सिंग ने रसायन मुक्त खेती करने ,डॉ. प्रताप सिंह राठिया प्रभारी एवं प्रमुख आलू अनुसंधान केन्द्र मैनपाट ने आलू की उन्नत खेती के विषय के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने भी इन विधियों को अपनाने के लिए अपनी रुचि जाहिर की और विशेषज्ञों से शंका का समाधान भी किया।

## ग्राम पंचायत गोंगपाल एवं चेरपाल की महिला समूह करेंगी बस का संचालन, मुख्यमंत्री ने सौंपी वाहनों की चाबियाँ

# मुख्यमंत्री ने मसेनार एवं पाहुरनार को प्रदान किया संपूर्ण जैविक ग्राम का प्रमाणपत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 5 अक्टूबर।** अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विकासखण्ड दंतेवाड़ा के ग्राम मसेनार एवं विकासखण्ड गीदम के ग्राम पाहुरनार को संपूर्ण जैविक ग्राम का प्रमाण पत्र प्रदान किया। यहां देश के सबसे अधिक रकबे 65 हजार 279 हेक्टेयर एवं 110 ग्रामों में 10 हजार 264 किसानों के द्वारा जैविक खेती की जा रही है, जिन्हें वृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण के अन्तर्गत भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के द्वारा जैविक प्रमाणीकृत किया गया है।

वर्तमान में जैविक जिला दंतेवाड़ा में विशिष्ट कार्य करने के अंतर्गत जैविक जिला में परिवर्तन कर कृषकों की आजीविका विकास के लिए जैविक खेती में वृहद स्तर पर प्रशिक्षण प्रचार प्रसार शैक्षणिक भ्रमण सिंचाई एवं अधोसंरचना विकास, मार्केट लिंकेज इत्यादि के लिए



विस्तृत कार्ययोजना बनाकर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा एफपीओ प्रमाणीकरण संस्था के संबंध में कार्य किया जा रहा हैद्य जिले में रासायनिक उर्वरक एवं रासायनिक दवा पूरी तरह प्रतिबंधित है जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए जिले के सभी 220 ग्रामों में तीन चरणों में कृषक खेत पाठशाला का आयोजन किया जा रहा हैद्य 300 से अधिक स्थानीय प्रगतिशील किसानों को राज्य के बाहर प्रशिक्षण देकर जैविक कार्यकर्ता एवं मास्टर ट्रेनर्स के रूप में तैयार किया गया है।

जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए इस खरीफ वर्ष में 1200 हेक्टेयर रकबा में हरी खाद एवं 800 से अधिक रकबा में श्री विधि से खेती किया गया हैद्य जिले के सभी 23000 किसानों को स्वॉइल हेल्थ काड उपलब्ध कराया जा रहा हैद्य मुख्यमंत्री श्री साय को इस अवसर पर ग्राम कासौली के प्रगतिशील किसान श्री बोसा राम अटामी ने उन्नत किस्म के अमरुद और कमल सिंह नाग ने जैविक विधि से उत्पादित विशिष्ट चावल की टोकरी भेंट स्वरूप कीद्य

इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के तत्वावधान में नियद नेल्लानार योजना के तहत मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम पंचायत चेरपाल और गोंगपाल को बस संचालन सेवा प्रारंभ करने के लिए दो बसें प्रदान की गई। जिसका संचालन सेवा महिला स्व सहायता समूह करेगीद्य दूर-दराज के ग्रामों में सरल आवाजाही के लिए प्रशासन द्वारा 6 बसें और दी जाएगी। इस मौके पर लाइवलीहुड कॉलेज से प्रशिक्षित 2 युवाओं, ग्राम धुरली के अनिल और ग्राम गामावाड़ा के गौरीश को भी टैक्सी संचालन के लिए 4 पहिया वाहन प्रदान किया गया।

## समाचार संक्षेप

### पेंटिग,रंगोली,निबंध से लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक




**सुकमा, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । शासकीय नवीन महाविद्यालय कोण्टा में 01 अक्टूबर मंगलवार को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यकम के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा विषयांतर्गत महाविद्यालय स्तर पर पेटिंग, रंगोली, निबंध, भाषण, कविता जैसे विभिन्न वर्गो में विद्यार्थीगण इन प्रतियोगिताओं में अपने प्रतिमाओं का प्रदर्शन करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिये। प्रतिभागियों द्वारा वर्तमान समय में स्वच्छता से संबंधित समस्याओं एवं इसके समाधान को अपने इस कौशल के माध्यम से प्रदर्शन किये। इसके साथ ही 02 अक्टूबर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यकम के अंतर्गत पुरानी बस्ती कोण्टा में स्वच्छता रैली, श्रमदान एवं माल्यार्पण कार्यकम का आयोजन महात्मा गांधी स्मारक, पुरानी बस्ती कोण्टा में किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थीगण एवं स्वयंसेवकों ने हुए उत्साहपूर्वक भाग लिये। महात्मा गांधी जी द्वारा बताये गये सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर अहिंसात्मक तरीके से समाज के कई समस्यों का हल निकाला जा सकता है। इस अवसर पर श्री शशिकान्त ध्रुवे, कार्यकम अधिकारी रासेयो, समस्त प्राध्यापकगण एवं महाविद्यालयीन स्टाफ के साथ एनएसएस के स्वंयसेवक उपस्थित थे।

### नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**सुकमा 5 अक्टूबर।** जिले के ग्राम पंचायत कोर्रा में नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग की जा रही है।जिला पंचायत सदस्य रामा सोडी के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। विगत 07 सालो से धान खरीदी केन्द्र खोलने के लिए शासन - प्रशासन को इस क्षेत्र के किसान धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन बहुत ही दुर्भाग्य की बात है कि पूर्व की सरकार व प्रशासन ध्यान नहीं दिया हैं। पुनःशासन-प्रशासन से अपेक्षा रखते है कि सत्र 2024 को नवीन धान खरीदी केन्द्र की मांग अवश्य पुरा करेगें। नवीन धान खरीदी केन्द्र के यह कि कोर्स लेम्पस के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोर्रा, चिंगावरम, डोडपाल, मारोकी आदि पंचायतों के हिसाब से लगभग 60 ग्राम के किसान आते हैं। गादीरास लेम्पस से दूरी अधिकांश गांवो की 15 से 20 किमी. हैं, इसलिए कोर्रा लेम्पस में धान केन्द्र खोलने की अतिआवश्यकता हैं। लेम्पस कोन्डरे के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोन्डरे, गोंदपल्ली, बड़ेसट्टी बोड़को, जीरमपाल आदि गांव के हिसाब से देखे तो 50 से 60 गांव आते हैं। इसलिए पृथक लेम्पस जरूरी हैं।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले मैदानी कर्मचारियों को दिया प्रशस्ति पत्र

**दंतेवाड़ा, 5 अक्टूबर** । जिला पंचायत के सभागार में आज ''नीति आयोग'' के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम के संपूर्णता अभियान का समापन संपन्न हुआ समारोह में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम आकांक्षी जिला के तहत



निर्धारित पैरामीटर में तय लक्ष्य जैसे स्वास्थ्य,सुपोषण, एनआरएलएम,कृषि, सामाजिक विकास,शिक्षा के शत-प्रतिशत संतृप्तीकरण के लिए इन विभागों के मैदानी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि ''नीति आयोग'' दिए गए लक्ष्य कोई नये लक्ष्य नहीं है बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है। एक जनजागृति उत्पन्न करने के लिए यह अभियान प्रारंभ किया गया था, क्योकि यह ऐसे लक्ष्य है जो कही ना कही भौगोलिक समस्या अथवा एक बड़े समुदाय में व्यवहार परिवर्तन के मद्दे् नजर उद्देश्यों के पूर्ति में बाधक थे। बहरहाल विभागों द्वारा इन चुनौती पूर्ण कार्यों को एक समय-सीमा पूर्ण किया जाना इन बधाई का पात्र बनाता है। उन्होंने ने आषा व्यक्त किया कि इसी सकारात्मक मानसिकता से हमें ''नीति आयोग'' द्वारा भविष्य में दिए जाने वाले अन्य लक्ष्यों को भी शत-प्रतिशत पूर्ण करने के प्रयास करना होगा और इस कार्य में पूरा शासन-प्रशासन आपका सहयोग करेगें। इस समापन समारोह में विभिन्न विभागों के मैदानी कर्मचारियों द्वारा संपूर्णता अभियान के तहत किए गए प्रयासों एवं गतिविधियों के बारे में भी उपस्थितों को अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि ''नीति आयोग'' अंतर्गत जिले में विभिन्न विभागों से संबंधित 6 विकास सूचकांक निर्धारित किए गए थे। इन में महिला बाल विकास विभाग के तहत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत पूर्ण टीकाकरण वाले बच्चों का प्रतिशत,कृषि में वितरित मृदा स्वास्थ्य कार्डों की संख्या, शिक्षा में माध्यमिक स्तर पर कार्यात्मक बिजली सुविधा वाले स्कूलों का प्रतिशत, अनुपूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, सामाजिक विकास में ब्लॉक में कुल स्व-सहायता समूह के मुकाबले रिवॉल्विंग फंड प्राप्त करने वाले स्व-सहायता समूह का प्रतिषत जैसे विकास सूचकांक मुख्य है।

एक नजर

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का बीजापुर में आत्मीय स्वागत



**बीजापुर, 5 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आज एक दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान पुलिस लाइन हैलिपैड पर आत्मीय स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री का स्वागत स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर श्री संबित मिश्रा और पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने किया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद श्री महेश कश्यप, और विधायक श्री चैतराम अटाम, पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री का स्वागत समारोह बड़े उत्साह और गर्मजोशी के साथ संपन्न हुआ।लोगो की आस अब भी इंतजार कर रही है,शहर मे इन दिनो तीनो सडको की हालत बेहद खराब हो चुकी है,इनमे से रायगढ रोड की सडक सबसे अधिक खराब है,इंदिरा चौक से लेकर नंदनझरिया तक पांच किलोमीटर के दायरे मे पांच सौ से भी अधिक जानलेवा गडढे बने हुये है,इस मार्ग मे वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी काफी मुश्किल है। उपर से भारी वाहनो का गुजरने पर अब घातक धूल के गुब्बार से लोग गंभीर बिमारी की चपेट मे आने के खतरे से भी घबरा रहे है। इंदिरा चौक से जाने वाली अंबिकापुर मार्ग की सडक एवं जशपुर मार्ग की सडक मे भी कही भी धूल कम होने का नाम नही ले रही है,लोग बारिश थमते ही अब धूल से अच्छे खासे परेशान हो गये है।।

## धूल से बचने अब सीएम की घोषणा पर अमल का इंतजार



**पत्थलगांव, 5 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्र के शुरू होने के साथ ही अब सडको पर पैदल पथिको का दबाव बढना शुरू हो चुका है,शाम को होने वाली आरती मे शहर के अलावा ग्रामीणो की भी काफी भीड देखने को मिल रही है। दिन गुरूवार को नवरात् प्रारंभ हो चुके है,परंतु शहर के लोगो को धूल व गडढो से भरी सडको से अब भी छुटकारा नही मिल पाया है। भारी वाहनो के गुजरने से अब सडको मे सुखी धूल उडनी शुरू हो चुकी है। धूल के भयंकर गुब्बार दिनभर शहर के भितर देखने को मिल जायेंगे,लोग सडको पर चलते समय मास्क लगा रहे है,घातक धूल से बचने के लिए और भी कई तरह के हथकंडे अपनाये जा रहे है। पिछले कुछ माह पूर्व किलकिलेश्वर धाम मे स्व.दिलीप सिंह जूदेव की पुण्यतिथी के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का किलकिलेश्वर धाम मे आगमन हुआ था,उस दौरान क्षेत्रिय विधायक गोमती साय की मांग पर सी.एम. ने इंदिरा चौक से तीनो मार्ग मे तीन तीन किलोमीटर तक नयी सडक बनाने की सौगात दी थी,परंतु काफी समय बीतने के बाद भी अब तक इस घोषणा पर कोई अमल होता दिखायी नही दे रहा। लोगो को आस थी कि त्यौहार शुरू होने से पहले शायद शहर को तीनो दिशा मे नयी सडको की सौगात मिल जायेगी।

## जिले में शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए बढ़ते कदम योजना के अंतर्गत हुई तिमाही परीक्षा

**महासमुंद,5 अक्टूबर।** जिले में शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर बनाने और बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने के उद्देश्य से महासमुंद जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में बढ़ते कदम योजना का संचालन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत ने बताया कि इस योजना के तहत कक्षा पहली से बारहवीं तक की एकीकृत तिमाही परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जो 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक जिले के सभी सरकारी स्कूलों में संचालित है। प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हाई हायर सेकंडरी स्कूलों में यह परीक्षा अलग-अलग पालियों में हो रही है।तिमाही परीक्षा के प्रश्न पत्रों का निर्माण जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, कमल नारायण चंद्राकर के नेतृत्व में विज्ञान परिषद के सहयोग से गठित समिति द्वारा किया गया है। प्रश्नपत्रों को बोर्ड परीक्षा के ब्लू प्रिंट के आधार पर बनाया गया है, जिसमें जिले के सभी ब्लॉकों से विषय विशेषज्ञों को शामिल किया गया। प्रश्न पत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए पासवर्ड एन्क्रिप्टेड प्रश्न पत्र प्रधान पाठकों और प्राचार्यों को उपलब्ध कराए गए हैं।जिले के सभी स्कूलों में पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक साथ परीक्षा का आयोजन पहली बार हो रहा है, जिसे ऐतिहासिक माना जा रहा है। इस परीक्षा के परिणाम दशहरा अवकाश के बाद घोषित किए जाएंगे, जिसके बाद पालक-शिक्षक बैठकों में छात्रों के प्रदर्शन पर चर्चा की जाएगी। बढ़ते कदम योजना के तहत न केवल परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, बल्कि छात्रों की नियमित उपस्थिति पर भी ध्यान दिया जा रहा है। यदि कोई छात्र दो दिन से अधिक अनुपस्थित रहता है, तो प्राचार्य पालकों से संपर्क कर अनुपस्थिति के कारणों की जांच करते हैं। इस पहल से तिमाही परीक्षा में बोर्ड कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति में सुधार देखा गया है। कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमी के छात्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली ÷परख÷ परीक्षा की तैयारी के तहत जिले में विशेष अभ्यास परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। कक्षा तीसरी के छात्रों के लिए 5 सितंबर को ÷परख÷ परीक्षा के पैटर्न पर आधारित अभ्यास परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को ओएमआर शीट भरने और संभावित प्रश्नों के समाधान का अभ्यास कराया गया। छठवीं और नवमी कक्षाओं के लिए इस प्रकार की अभ्यास परीक्षाएं दशहरा अवकाश के बाद आयोजित की जाएगी।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजापुर के सेंट्रल लाइब्रेरी में किया युवाओं से संवाद

# प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने पूरा प्रयास किया जाएगा:सीएम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 5 अक्टूबर।** बीजापुर जिले में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्थानीय लायब्रेरी में युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां जिले के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मुख्यमंत्री से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में कोई कमी नहीं होने दिया जाएगा।अच्छे भविष्य के निर्माण लिए सभी को अवसर दिया जा रहा है। इस युवा संवाद में युवाओं ने माँग की पूरा करने हेतु कलेक्टर बीजापुर को निर्देशित किए, साथ ही शून्य प्रतिशत ब्याज में शिक्षा लोन की सुविधा देने की पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर संवाद कार्यक्रम में युवाओं से मिलना एक शुभ अवसर है, सरकार शिक्षा के लिए सजग है। सरकार ने छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के सभी संस्थानों की स्थापना की है, सभी जिलों में लाइब्रेरी की सुविधा दी गई है। रायपुर के नालंदा परिसर में प्रतियोगिता परीक्षा के लिए विद्यार्थियों की सुविधाओं में वृद्धि की गई है साथ ही दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी हेतु संचालित ट्राइबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या बढ़ाई गई, पीजी में रहने वाले का खर्च शासन द्वारा वहन किया जाएगा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वनमंत्री श्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप विधायक दंतेवाड़ा श्री चैतराम अटामी सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि, कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर श्री संबित मिश्रा और पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव उपस्थित रहे।





मुख्यमंत्री श्री साय ने युवाओं के साथ उनके भविष्य, शिक्षा, और रोज़गार के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार युवाओं के विकास और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। श्री साय ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी, जो उनके सशक्तिकरण में सहायक हो सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने भी मुख्यमंत्री से अपने सवाल पूछे और अपने अनुभव साझा किए। लाइब्रेरी में आयोजित इस युवा संवाद कार्यक्रम ने जिले के युवाओं को एक सकारात्मक मंच दिया, जहां वे अपनी समस्याओं को सीधे मुख्यमंत्री के सामने रख सकें और उनके समाधान के बारे में जान सकें। युवा राकेश ताती ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के होने से प्रारंभिक शिक्षा दूसरे गाँव में किया। वर्तमान में गाँव में पुलिस कैंप के साथ-साथ स्कूल खुल गए हैं । मैं सहायक प्रोफेसर की तैयारी कर रहा है, इस लायब्रेरी से उसको तैयारी करने में बहुत सहायता मिली है। यूपीएससी-पीएससी की तैयारी करने के आवासीय व्यवस्था के साथ कोचिंग की सुविधा रूखसार खान ने बताया कि जिले में अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलने से पढ़ाई का स्तर अच्छा हुआ है कॉलेज में अन्य विषय की सुविधा तो मिल रही है ,लेकिन जिले में बीएड-डीएड कॉलेज की कमी से उच्च शिक्षा के लिए अन्य बड़े जिले में जाना पड़ता है, आर्थिक स्थिति कमजोर होने से कई विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित होना पड रहा है कृपया बीएड-डीएड कॉलेज की खोलने की पहल की जाए। इसी प्रकार सामया हसरत ने साइंस विषय के लिए कॉलेज में प्रोफेसर की सुविधा के लिए आभार किंतु मेडिकल-नर्सिंग कॉलेज की माँग की। पामेड के निवासी जगपति कुर्सा ने बताया कि गाँव में अभी सड़क, बिजली और अन्य विकास कार्य को गति मिल गई है। जगपति ने नीट-जेईई की तैयारी हेतु सेंट्रल लाइब्रेरी में कोचिंग की माँग रखी। पुजारी कांकेर निवासी लक्ष्मण ने बताया कि उनके गाँव में पहले स्कूल नहीं था मुझे दूसरे स्थल में जा कर पढ़ाई करनी पढ़ी, अब गाँव में स्कूल भी है खुल गया है गाँव के बच्चे घर के समीप पढ़ाई की सुविधा मिल जा रही है,लाइब्रेरी में कम्प्यूटर लैब की माँग की। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री श्री साय ने सेंट्रल लाईब्रेरी परिसर में एक पेड़ माँ के नाम पर नारियल के पौधे का रोपण किया साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सल्फी पौधे का, वनमंत्री श्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद श्री कश्यप सहित अन्य अतिथियों ने भी पौधरोपण किया।

# वृद्धजन दिवस पर किया वृद्धजनों का सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव,5 अक्टूबर।** वृद्धजन दिवस पर जब उनका सम्मान हुआ तो उनकी आंखे भावना से भर आयी। उन्होने अपने पुराने दिन साझा करते हुये जीवन के उतार चढाव पर प्रकाश डाला। लुडेग के सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक शाला मे वृद्धजन दिवस का आयोजन किया गया था,जिसमे स्व.घनश्यामदास अग्रवाल पूर्व सरपंच की स्मृति मे उनके पुत्र सुरेश कुमार अग्रवाल द्वारा वहा आये

### सम्मान पाकर बुजुर्गो की आंखे हुई नम

सैकडो की संख्या मे वृद्धजनो का सम्मान किया गया,इस दौरान वृद्धजनो को ही कार्यक्रम मे मुख्य अतिथी एवं विशिष्ट अतिथी का दर्जा दिया गया था,जिसमे विद्यालय के प्रथम संस्थापक सदस्य रहे स्व. चंद्रभान अग्रवाल के पिता ईश्वर प्रसाद अग्रवाल को मुख्य अतिथी बनाया गया था,उनके अलावा मुरारीलाल अग्रवाल,वीरजी अग्रवाल,के.डी.खुंटिया,सुरेश अग्रवाल,महेन्द्र अग्रवाल, धरमपाल अग्रवाल,सीताराम प्रधान विशिष्ट अतिथी के रूप मे कार्यक्रम मे मौजुद रहे। सभी ने मां सरस्वती की वंदना के साथ वृद्धजनो के सम्मान मे स्वागत गीत प्रस्तुत किये। किशोर भारती एवं बाल भारती के पदाधिकारीयों ने तिलक एवं बैच लगाकर वृद्धजनो का सम्मान किया। स्कूल के प्राचार्य ने मौजुद लोगो को संबोधित करते हुये बताया कि विश्व मे तेजी से बढती वृद्धा अवस्था के कारण समाज उन्हे अक्सर उपेक्षित करता आ रहा है। लोगो मे जागरूकता लाने के लिए 14 नवंबर 1990 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाने का निर्णय लिया था,उन्होने बताया कि भारती संस्कृति मे वृद्धो का स्थान काफी उंचा है। लगभग सभी परिवारो मे बुजुर्गो को ही मुखिया माना जाता है। स्कूल के अध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि बुजुर्गो का सम्मान करते समय वे खुद को काफी गौरांवित महसूस कर रहे है,यह प्रेरणा उन्हे अपने पिता से प्राप्त हुयी थी,उनका कहना था कि उनके पिता ने ही उन्हे सेवा भावना का पाठ पढाया। सरपंच बनने के बाद भी उन्होने इस पाठ का स्मरण करते हुये समाज सेवा को अपना समय दिया। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथी रहे ईश्वर प्रसाद अग्रवाल ने सभी को शुभकामनायें देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में महासमुंद जिले ने परचम फहराया

**महासमुंद।** रायपुर के शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय बॉल वैज्ञानिक जोन स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित हुआ। जिले के होनहार बॉल वैज्ञानिकों ने विभिन्न उप कथानकों में अपना मॉडल प्रस्तुत किया। जिसमें 07 प्रतिभागियों ने एक तरफा विज्ञान के क्षेत्र में महासमुंद जिले को गौरवान्वित किया। राज्य स्तरीय के लिये चयनित प्रतिभागी भोजराज चकधारी मोहदी, प्रिया यादव पटेवा, चंचल साहू सेजेस अंग्रजी महासमुंद, सिमरन जागड़े आबा गोलछा स्कूल महासमुंद, हितेश साहू खल्लारी, हर्षा साहू खल्लारी तथा शिक्षक संगोष्ठी में चंद्रशेखर मिथलेश आ.बा.गोलछा स्कूल महासमुंद लेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत ने स्वयं शिक्षा महाविद्यालय रायपुर पहुंचकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। जिला नोडल अधिकारी विज्ञान हेमेंद्र आचार्य भी रायपुर में पंजीयन के लिए उपस्थिति दी। बच्चों की उस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत, सहायक संचालक सतीश नायर, एनके सिन्हा जिला सिन्हा ने हर्ष जताया।

# 18 मिलरों ने 50 फीसदी कम चावल जमा किया,कलेक्टर ने जताई नाराजगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,5 अक्टूबर।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के बाद 523324 मीट्रिक टन चावल भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में जमा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके विपरीत अब तक जिले के 197 पंजीकृत राईस मिलर्स द्वारा 379272 मीट्रिक टन चावल ही जमा किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर लंगेह ने 16 मिलर्स द्वारा भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में चावल जमा करने के लिए स्टेक आबंटित कराने के बावजूद 15 दिन से अधिक समय में चावल जमा न करने साथ ही जिले के 18 राइस मिलर्स द्वारा जमा योग्य चावल की मात्रा का 50 प्रतिशत से कम चावल जमा किया है, पर नाराजगी व्यक्त की।खाद्य अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वर्ष 2023-24 में उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के चावल जमा करने के संबंध में बैठक ली। उन्होंने सभी मिलर्स को अपनी मिलिंग क्षमता के अनुसार भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति कस्टम मिलिंग का चावल शीघ्रता से चावल जमा करने का निर्देश दिया, ताकि निर्धारित समय सीमा का पालन किया जा सके। उन्होंने कहा कि समिति प्रबंधक और मिलर्स आपसी समन्वय से कार्य करें। जिससे किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। इस दौरान अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक (नान), जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डिपो इंचार्ज (भा. खा.ना.) सहित धान खरीदी केंद्रों के प्रभारी और राईस मिलर्स मौजूद थे।

### मिलर्स ने भी अपनी परेशानियों से कराया प्रशासन को अवगत

बैठक में राईस मिलर्स ने एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने के दौरान आ रही परेशानियां से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मिलर्स की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। मिलर्स ने समितियों से उठाए गए धान की कमी की शिकायत भी की, जिसके समाधान हेतु कलेक्टर ने जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी को उचित कार्यवाही करने का आदेश दिया।

## प्राथमिक शाला पितईबंद रोड में नेवता भोज का आयोजन



**राजिम, 5 अक्टूबर।** राजिम आज दिनांक 4 अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार को प्रातः 11ः00 बजे प्राथमिक शाला पितईबंद रोड राजिम में छत्तीसगढ़ शासन के आह्वान से प्रेरित होकर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के संगठन मंत्री बलराम साहू एवं भारती साहू के द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया नेवता भोज का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी बीआरसी सुभाष शर्मा संकुल समन्वय धर्मेंद्र सिंह ठाकुर एवं सामाजिक नेता रामकुमार साहू के द्वारा छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर किया गया । नेवता भोज में छात्र-छात्राओं के लिए खीर पुरी जलेबी विशेष रूप से परोसा गया एवं एवं पंडित जी के मंत्रोपचार से छात्राओं की कन्या पूजन कर कॉपी पेन कंपास एवं पूजन सामग्री प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान अध्यापिका अंजनी यादव खेमिन साहू राजेंद्र सिंग पाल सीमा ननवरे कंचन शर्मा उमाकांत साहू एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

# न्याय, नीति, समानता का पाठ हर अग्रबंधु को रखना होगा याद:आईजी अंकित



## शोभायात्रा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ समापन

**पत्थलगांव, 5 अक्टूबर।** शहर में मनायी गयी अग्रसेन जयंती का दिन गुरूवार की देर शाम रंगारंग कार्यक्रम के बीच समापन हुआ। समापन कार्यक्रम मे सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग का आगमन हुआ था,मुख्य अतिथी के रूप मे कोरबा से श्रीमती शोभा केडिया एवं रजनी डालमिया आयी हुयी थी,उसके अलावा कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल कर रहे थे,कार्यक्रम मे सरंक्षक पवन अग्रवाल,मदनलाल अग्रवाल,ब्रम्हप्रकाश अग्रवाल,बजरंग अग्रवाल,सभा के सचिव अनिल मित्तल,महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज गर्ग,सरंक्षक चंदा गर्ग एवं अग्रवाल नवयुवक समिती के अध्यक्ष संस्कार गर्ग मौजुद थे। मंच पर अतिथीयों के साथ अग्रवाल सभा एवं अन्य समिती के पदाधिकारीयों द्वारा सर्वप्रथम भगवान अग्रसेन की प्रतिमा पर दीप प्रजवल्लित कर आरती की गयी। मंच संचालन अंकित बंसल एवं अंकित गर्ग ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथी सरगुजा रेंज पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग के उर्जावान युवाओ की प्रशंसा की। उनका कहना था कि लंबे समय तक उन्होने मेहनत कर लगातार नौ दिनो तक चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमो का बेहतर रूप से संचालन किया। उन्होने समाज पर अपने विचार रखते हुये कहा कि हम सभी भगवान अग्रसेन के वंशज है,हमें अपने हर कार्य को करने के दौरान भगवान अग्रसेन द्वारा सिखाये गये न्याय नीति और समानता के पाठ को याद रखना होगा। उन्होने अग्रसेन जयंती की बधायी देते हुये अपनी बातो को विराम दिया। अग्रवाल सभा के सचिव ने समाज को एकता के सूत्र मे बंधकर रहने की बातें कही,उनका कहना था कि समाज को तोडने से ज्यादा जोडने मे ध्यान लगाने की जरूरत है। समाज के किसी भी व्यक्ति को अपने विचारो को समाज पर भारी नही होने देना चाहिये।।

बुजुर्गो को दिया प्रभुजी का दर्जा-ःअग्रसेन जयंती के समापन समारोह मे बतौर मुख्य अतिथी पधारी श्रीमती शोभा केडिया ने बुजुर्गो को प्रभुजी का दर्जा दिया। उन्होने स्वयं एवं अपने पिता द्वारा संचालित अपना घर आश्रम एवं गौ सेवा पर अपने विचार रखे। श्रीमती रजनी डालमिया ने भी समाज मे घर कर चुकी कुछ कुरितियों को जड से मिटाने की बात कही। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज गर्ग ने शादियों मे होने वाली फिजुल खर्ची एवं प्री वेडिंग पर रोक लगाने की बात रखी। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष परशुराम अग्रवाल ने आने वाले वर्ष मे अग्रसेन जयंती और वृहद रूप मे मनाने की बात कही। अग्रवाल नवयुवक समिती के अध्यक्ष संस्कार गर्ग ने सफ्ल आयोजन के लिए विभिन्न समितीयां एवं अपनी टीम की सराहना की,उनका कहना था कि सबके सहयोग से ही लंबे समय तक चलने वाला कार्यक्रम सफ्ल हो सका।।

शोभा यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत-ःदिन गुरूवार को अग्रसेन जयंती की शोभा यात्रा निकाली गयी। ढोल ताशो की धुन पर सुसज्जित वाहन मे भगवान अग्रसेन एवं माता माधवी का जीवंत झांकी निकाली गयी थी,जिसका जगह-जगह अग्र बंधुओ ने आरती उतारकर स्वागत किया। शोभायात्रा मे सिक्ख समाज,ब्राम्हण समाज,मंडी दुर्गा उत्सव समिती,समजासेवी ताराचंद अग्रवाल,ब्रम्हप्रकाश अग्रवाल एवं सुंदर गर्ग की ओर से जलपान की व्यवस्था की गयी थी।

## हैलिपेड स्थित विश्रामगृह में मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बलों के जवानों से किया संवाद



**बीजापुर,5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर प्रवास के दौरान हेलिपेड स्थित विश्रामगृह में आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सली हिंसा से पीड़ित युवा जो पुलिस विभाग में भर्ती होकर माओवादियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं उनसे संवाद किया। इस दौरान नक्सली पीड़ित नव आरक्षक सुमित्रा ने बताया कि उनके पिता का नक्सलियों ने 2013 में हत्या कर दिया था और छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत 2023 मे आरक्षक के पद पर नियुक्त हुए है। शासन के पुनर्वास नीति नक्सल पीड़ित परिवार के वरदान साबित हो रही है। वहीं चेरकंटी निवासी श्री मंगल मोड़ियम पूर्व में 19 वर्षों तक नक्सल संगठन में शामिल था माओवादियों के खोखली विचारधारा को छोड़कर आत्मसमर्पण किया जिन्हें पुलिस विभाग में नियुक्ति मिली। श्री मंगल मोड़ियम ने बताया कि बस्तर, बीजापुर में शांति स्थापित होना जरूरी है। भोले-भाले आदिवासियों का नक्सलियों द्वारा जल, जंगल, जमीन के नाम पर गुमराह किया जाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सभी को नवरात्र की शुभकामनाएं दी और नक्सल संगठन को छोड़कर पुनर्वास नीति से लाभान्वित होने पर खुशी जाहिर की। और कहा कि बस्तर अब शांति की ओर अग्रसर है। नक्सलियों के हिंसा के शिकार 55 से ज्यादा लोगों ने दिल्ली जाकर महामहिम राष्ट्रपति एवं गृहमंत्री से मिले और नक्सलवाद के खिलाफ अपना आवाज बुलंद किए। इन पीड़ितों के किसी के हाथ नहीं थे किसी ने अपना पैरा गवांया किसी ने अपना आंख गवाया उनके बातों को सुनकर बहुत ही दुख लगा कि निर्दोष लोगों को किस तरह नक्सली मौत के घाट उतार देते हैं मुख्यमंत्री ने इस दौरान सभी सुरक्षाबलों के साथ फोटो सेशन कराया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप, दंतेवाड़ा विधायक श्री चैतराम अटामी, पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा, बस्तर कमिश्नर श्री डोमन सिंह बस्तर आईजी श्री सुंदरराज पी, कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने बीजापुर जिला अस्पताल को सौ बिस्तर से बढ़ाकर दो सौ बिस्तर करने की घोषणा की



**बीजापुर,5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर में जिला अस्पताल को सौ बिस्तर से बढ़ाकर दो सौ बिस्तर की घोषणा, विशेषज्ञ चिकित्सकों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जोड़ने, बीजापुर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, भोपालपटनम में 132 केव्ही की विद्युत सब स्टेशन की स्थापना, 33 नए स्कूल खोलने, केंद्रीय पुस्तकालय की घोषणा किए। साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय और प्रतियोगिता परीक्षा के लिए कोचिंग की व्यवस्था करने के लिए कलेक्टर को निर्देशित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में विकास कार्य को गति दी गई है। क्षेत्र में नियद नेल्लानार योजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र में शांति, विकास, विश्वास के साथ योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्राकृतिक, खनिज, वन संपदा से परिपूर्ण है साथ ही यहाँ के निवासी भी ऊर्जावान है जो प्रदेश के विकास में सहयोग कर रहे है। केंद्र सरकार और राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी जनता को मिल रही है। मुख्यमंत्री शुक्रवार बीजापुर मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित नक्सल पुनर्वास नीति के अंतर्गत नक्सल पीड़ित परिवार के आश्रितों को शासकीय नियुक्ति आदेश और तेंदूपत्ता बोनस वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने बीजापुर जिले को 263 करोड़ 66 लाख से अधिक की लागत से 209 के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री श्री साय 228 करोड़ 53 लाख के 145 विकास कार्यों का भूमि पूजन करेंगे और 35 करोड़ 13 लाख के 64 विकास कार्य का लोकार्पण किया।कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, वनमंत्री और बीजापुर प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बस्तर कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुंदरराज पी., कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, गणमान्य जनप्रतिनिधि, नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में नक्सल पुनर्वास नीति के अंतर्गत नक्सल पीड़ित परिवार के 70 आश्रितों को शासकीय नियुक्ति आदेश का वितरण किया। जिले के 19882 संग्राहकों को नगद भुगतान के रूप में शेष बचे 14 करोड़ 09 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा।साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत गृह प्रवेश (चाबी वितरण) और आवास स्वीकृति पत्र, तेंदूपत्ता बोनस वितरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत राशि का वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त नियद नेल्लानार हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरण, स्व सहायता समूह चक्रीय निधि, आय, जाति-निवास प्रमाण पत्र, खेल सामग्री का वितरण किया गया। इसके अलावा विभागीय स्टालों का निरीक्षण के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को वन अधिकार प्रमाण पत्र, कृषि विभाग द्वारा कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि का चेक का वितरण, कौशल विकास के तहत विश्वकर्मा योजना का प्रमाण पत्र, श्रम विभाग द्वारा ई रिक्शा का वितरण सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों का सामग्री वितरण किया गया।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र तिल्दा में राजयोग साधना का समापन

# मन में पनपे क्रोध से बढ़ता है मानसिक तनाव : भगवान भाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 5 अक्टूबर।** क्षणिक क्रोध या आवेश मनुष्य को कभी न सुधरने वाली भूल कर बैठता है। क्रोध से मानसिक तनाव बढ़ता है। क्रोध से मनुष्य का विवेक नष्ट होता है। क्रोध मुर्खता से शुरू होता और कई वर्षो के बाद के पश्चाताप से समाप्त होता है। क्रोध के कारण मनोबल और आत्मबल कमजोर हो जाता है। क्रोध ही अपराधो के मूल कारण बन जाते है। शारीरिक, मानसिक और बौध्दिक स्वस्थ के लिए क्रोध मुक्त बनना जरुरी है। क्रोध से ही आपस में सम्बधो में कडवाह्ट आती है। उक्त उदगार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू राजस्थान से आये हुए बीके भगवान भाई ने कहे। वे स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र में खुशहाल जीवन हेतु क्रोध मुक्त विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने कहा कि मन में चलने वाले नकारात्मक विचार, शंका, कुशंका, ईर्ष्या, घृणा, नफरत अभिमान के कारण ही की उत्पति होती है। क्रोध से दिमाग गरम हो जाता है जिससे दिमाग में विभिन्न प्रकार के रासायनिक पदार्थ उतरते है और इससे ही मानसिक बीमारियां, शरीर की अनेक बिमारिया हो जाती है जीवन में रूखापन आता है। मन मुटाव बढ़ जाता है। उन्होंने कहा की क्रोध से घर का वातावरण ख़राब हो जाता है और पानी के मटके भी सुख जाते है। जहा क्रोध है वहा बरकत नही हो सकती है।



इसलिए वर्तमान में क्रोध मुक्त बनाना जरुरी है। क्रोध करने से ही अनिद्रा, अशांति जीवन में आती है तनाव बढ़ता है जिससे व्यक्ति नशा व्यसनों के अधिन हो जाता है।

उन्होंने क्रोध मुक्ति बनने के उपाय बताते हुए कहा कि सकारात्मक चिंतन से ही हम सहनशील बन क्रोध मुक्त बन सकते है। सकारात्मक चिन्तन से हमारा मनोबल को मजबूत बन सकता हैं। सकारात्मक चिन्तन द्वारा ही हम क्रोध मुक्त और तनाव मुक्त जीवन सकते हैं। सकारात्मक चिंतन से सहनशीलता आती जिससे कई समस्याओं का समाधान हो जाता है। है। भगवान भाई ने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान को सकारात्मक विचारों का स्रोत बताते हुए कहा कि वर्तमान में हमे आध्यात्मिकता को जानने की जरुरी है आध्यात्मिकता की परिभाषा बताते हुए उन्होंने कहा स्वयं को यर्थात जानना, पिता परमात्मा को जानना, अपने जीवन का असली उद्देश्य को और कर्तव्य को जानना ही आध्यात्मिकता है। आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा सकारात्मक विचार मिलते है जिससे हम अपने आत्मबल से अपना मनोबल बढ़ा सकते है।

स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र की संचालिका बी के मंजू बहन ने राजयोग की विधि बताते हुआ कहा कि स्वंम को आत्मा निश्चय कर चाँद, सूर्य, तारांगण से पार रहनेवाले परमशक्ति परमात्मा को याद करना, मन-बुद्धि द्वारा उसे देखना, उनके गुणों का गुणगान करना ही राजयोग हैं। राजयोग के द्वारा हम परमात्मा के मिलन का अनुभव कर सकता हैं। उन्होनें कहा की राजयोग के अभ्यास द्वारा ही हम काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, घृणा, नफरत आदि मनोविकारों पर जीत प्राप्त कर जीवन को अनेक सद्गुणों से ओतपोत व भरपूर कर सकते हैं। तिल्दा ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की प्रभारी बी के प्रियंका बहन ने भी अपना संबोधन दिया। बी के शेवती बहन भी उपस्थित थी। कार्यक्रम के अंत में मेडिटेशन किया। काफी भाई बहनों ने इस कार्यक्रम का लाभ लिया।

## एक नजर

### महिलाओं के हितों के लिए सदैव सक्रिय रहूंगी : लक्ष्मी

**तिल्दा-नेवरा, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला आयोग



की सदस्य लक्ष्मी वर्मा ने कहा है कि महिलाओं के हितो की सदैव रक्षा करेंगी और महिलाओ को न्याय ईमानदारी से मिले इस हेतु हर वक्त सक्रिय रहेगी। लक्ष्मी वर्मा ने कहा की प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में महिलाओ के बीच लगातार जुड़ी है। उनकी हर समस्या का पता है गावों में महिलाओ के आत्म सम्मान के लिए महिला आयोग के माध्यम से शासन तक बात पंहुचा कर न्याय का कार्य करगेगी। कार्यकर्ताओं ने दी बधाई। बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रदेश की उपाध्यक्ष पर्व जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष महिलाओं में आत्म विश्वास जगाने वाली महिला नेत्री बलौदा बाजार तिल्दा नेवरा क्षेत्र में लोगो के सुख दुख में स्मलित होने वाली पार्टी कार्यकर्ता लक्ष्मी वर्मा को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य नियुक्त करने पर अंचल के लोगो ने खुशी जाहिर की है और प्रदेश के शीर्ष नेता को धन्यवाद दिया है साथ ही नव नियुक्त सभी महिला सदस्यों को बधाई प्रेषित की है।

### कोलिहा और लवन में सट्टा-पट्टी लिखने वाले 2 युवक गिरफ्तार



**तिल्दा-नेवरा, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना लवन पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों, जुआ सट्टा जैसे अंवैधानिक कार्यो में लिप्त असमाजिक तत्वों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 03.10.2024 को थाना लवण से प्रधान आरक्षक मुकेश दीवान, नान्हूराम नवरंगे, आरक्षक मुकेश गुप्ता एवं केशव भट्ट की पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोलिहा एवं नगर पंचायत लवन में घेराबंदी कर, सट्टा पट्टी लिखने वाले 02 आरोपी सटोरियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से अलग-अलग मामलों में सट्टा-पट्टी, पेन, केलकुलेटर, मोबाइल एवं नगदी रकम कुल 3500 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना लवन में अपराध क्र. 401, 402/2024 धारा 04 क जुआ एक्ट, छ.ग.जुआ प्रतिषेध अधिनियम की 2022 धारा 06 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम अमित वर्मा उम्र 44 साल निवासी वार्ड क्र. 02 ग्राम कोलिहा थाना लवन जितेंद्र कुमार साहू उम्र 45 साल निवासी वार्ड क्र. 12 नगर पंचायत लवन थाना लवन है।

# करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़क चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट, सालभर में हो गई जर्जर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 5 अक्टूबर।** भखारा बाईपास से कोलियारी होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली भाठागांव मार्ग पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है महज सालभर पहले डामरी व चौड़ीकरण किये मार्ग में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इसका मुख्य कारण हाइवा जैसे भारी वाहनों का प्रवेश माना जा रहा है बता दें कि करोड़ रुपये की लागत से बनी इस सड़क को सालभर पूर्व ही डामरी व चौड़ीकरण किया गया था लिहाजा वर्तमान स्तिथि में देखे तो सड़क में लगाई गई डामर और गिट्टियां अभी से उखड़ने लगी है। और जगह जगह गड्ढे हो गए ऐसा लग रहा है जैसा कि डामरीकरण के समय निम्न स्तर के मटेरियल का इस्तेमाल किया गया हो इस बात की चर्चा जनमानस में व्याप्त हो गया है जिससे यह साफ जाहिर होता है कि सड़क निर्माण में भारी भ्रष्टाचार और लापरवाही बरती गई है जिसके चलते सड़क मे बड़े बड़े गड्ढे दिखाई देने लगे है।गड्ढे होने के चलते दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है वहीं इन गड्ढों में मुरुम और बजरी डालकर खानापूर्ति की जा रही है। वहीं क्षेत्रवासियो का कहना है कि इस मार्ग सालभर में ही डामरीकरण पूरी तरह से जर्जर होकर उखड़ने लगी है इस मार्ग पर चारपहिया वाहन मुख्य मार्ग की अपेक्षा काफी कम चलती है निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई है जिसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ रहा है।

ग्राम कोलियारी निवासी सत्यनारायण साहू, आकाश साहू, सुशील साहू, साकेत साहू, दीपांशु साहू, द्रोण साहू, अनुराग साहू, मनी साहू ने बताया कि सड़क निर्माण में डामर को पतला डाला गया है इसलिए जल्दी उखड़ रहा है जिसके चलते आय दिन दुघर्टना हो रही है इस मार्ग में रात के समय आने जाने में बहुत मुश्किलो का सामना करना पड़ता है आगे कहा कि इस सड़क पे उतना भी भारी वाहन नही चलता जितना चलना चाहिए लेकिन इतना जल्दी सड़क खराब होना समझ से परे है इसकी जांच होनी चाहिए। और बताया कि ठीक से बारिश भी नही हुआ है और इतना जल्दी सड़क खराब हो गया सड़क मे नाम मात्र मटेरियल का इस्तेमाल किया गया है सड़क का जल्द से जल्द मरम्मत किया जाए।

कार्यपालन अभियंता लोकनिर्माण विभाग कुरुद आर.एस गंजीर - ने बताया कि बारिश के कारण काम रुकी है वर्षा पखवाड़े पश्चात मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

# गांधी जयंती पर लोगों को जल संरक्षण के लिए किया गया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांधी जयंती के अवसर में ग्राम पंचायत केसदा में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन की थीम को लेकर एवं बुरा न बोलो- बुरा न सुनो- बुरा न देखो पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों



एवं जल बहनियो तथा ग्राम वासियों द्वारा ग्राम के चौक चौराहे, ग्राम के हैंडपंप के आसपास, पानी टंकी के आस- पास, ग्राम पंचायत, बाजार चौक आदि में साफसफाई का कार्य किया गया। इसके साथ ही आईएसए स्टाफ पुष्पलता सुरतांगे की उपस्थिति में जल बहिनियों द्वारा ग्राम के सभी स्रोतों का जल परीक्षण किया गया एवं जल जीवन मिशन योजना के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जल को बचाना है कल को बचाना है जैसे विभिन्न नारों के साथ जागरूकता रैली का आयोजन संपूर्ण गांव मे किया गया। ग्राम पंचायत केसदा के निवासियों को जल-जीवन मिशन योजना के बेहतर संचालन से पर्याप्त शुद्ध पेयजल मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक घर में नल कनेक्शन प्रदान कर शुद्ध पेयजल की सुविधा प्रारंभ हो गई है। जिससे ग्राम के सरपंच और ग्रामीण बेहद खुश हैं।

# खैरी में अवैध महुआ शराब बनाने के अड्डे पर मारा गया छापा

■ पुलिस टीम ने अवैध महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त 6 नग एल्युमिनियम का बर्तन, गैस चूल्हा 550 किलो महुआ लहान (महुआ पास) भी किया जब्त, जिसे मौके पर ही विधिवत किया गया नष्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 अक्टूबर।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना पलारी पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा आदि अंवैधानिक कार्यों में लिप्त तथा अवैध महुआ शराब बनाकर उसे बेचने वाले आरोपियों की



धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 03.10.2024 को थाना पलारी से निरीक्षक केसर पराग बंजारा, सहायक उपनिरीक्षक कमल किशोर देवांगन, प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, गंगोत्री ध्रुव, समयलाल धींवर, आदोराम ध्रुव, आरक्षक राजेन्द्र ठाकुर, राममोहन राय, कमल कोसले, महिला आरक्षक आशा भारती, सरोज ध्रुव की पुलिस टीम द्वारा तड़के सुबह 04:00 बजे ग्राम खैरी में अवैध महुआ शराब बनाने के अड्डे पर छापा मारा गया।

इस दौरान पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण इलाके का बहुत ही सूक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें ग्राम खैरी में तालाब किनारे भारी मात्रा में महुआ शराब बनाने का सामान मिला। कार्यवाही में पुलिस टीम द्वारा अवैध महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त 06 नग एल्युमिनियम का बर्तन एवं गैस चूल्हा बरामद किया गया है। साथ ही मौके पर 550 किलो महुआ लहान (महुआ पास) भी जप्त किया गया है जिसका उपयोग अवैध महुआ शराब बनाने में किया जाता है। पुलिस टीम द्वारा जप्त महुआ पास को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया है।

## तिल्दा-नेवरा में नवरात्रि पर भक्तों की लग रही है भीड़

# नवरात्रि की पहली रात तीन पीढ़ियों दादी, पोती और बहू ने खेला गरबा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा- नेवरा, 5 अक्टूबर।** नवरात्र की पहली रात गरबों को लेकर चेहरों पर एक अलग ही चमक नजर आ रही थी। कहीं रात 8 बजे डाडियों की खनक के साथ भक्ति गीत से शुरुआत हुई। साथ ही भक्ति के पर्व में मां शक्ति की आरती कर एवं गरबा का शुभ आरंभ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष छमन लाल खुबचंदानी एवं राम गिड़लानी किशोर सेतपाल राम पंजवानी रमेश सेतपाल हीरानन्द भोजवानी मोती ज्ञानचंदानी हीरानन्द हरिरमानीं परमानंद बालचंदानी सुरेश रिझवानी खेमचंद वीरानी सुरेश लखवानी



रॉकी राजपाल राम संतवानी जैहूमल कामलानी के द्वारा उत्सव की शुरुआत की गई, शहर के सौरभ पार्क में विकास मित्र मंडल के द्वारा आयोजीत गरबा कार्यक्रम रात 9 बजे व 10 बजे से गरबा उत्सव की शुरुआत हुई। फुल ड्रेसअप, मेकअप में सौरभ पार्क में गरबा करने के लिए पार्टीसिपेंट्स पहुंचे। कहीं तालियों से तो कही डांडियों से भारतीय परंपरागत गीतों के साथ गरबा नृत्य की शुरुआत हुई। देश गीत पर बीट बदली और हाई नोट्स म्यूजिक पर शुरु हुआ जोश से भरपूर उत्साह और उमंग का उत्सव। डीजे पर अलग-अलग थीम गरबों से पूरा शहर गूंजते नजर आया।

तिल्दा। शहर में नवरात्र के पहले दिन ही गरबों की रंगारंग शुरुआत हो गई। इस शुरुआत के लिए तालों की जुगलबंदी भी खूब देखने को मिली। बॉलीवुड मिक्स संगीत ने गरबों में खूब जोश व उमंग भर दिया।पहले दिन येलो थीम रखी गयी थी जिसमें कोई गुजराती मालवी खाटु श्याम तो कोई बॉलीवुड थीम पर गरबा नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने गरबा देखने वालों के चहरे पर भी मुस्कान खिला दी।

यही रायपुर ग्रामीण के अनिल अग्रवाल ने बेस्ट सोलो गरबा को सम्मानित किया बेस्ट ग्रुप में स्क्ष्ठ ग्रुप रहा।अनिल अग्रवाल के द्वारा सभी को समानित किया गया। यही अनिल अग्रवाल ने कहा कि विकास मित्र मंडल के द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव में भव्य गरबा आयोजन 3 वर्ष से हो रहा है यह 4 वर्ष जिसमें इस बार प्रतिभागियों का उत्साह दोगुना दिखने को मिल रहा है। विकास मित्र मंडल के सभी सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर ढोल और लोक संगीत की धुनों पर थिरकते नजर आए।

## समाचार संक्षेप

### बेहद खास हैं मां दुर्गा के नौ स्वरूप, आराधना से मिलता है मनचाहा फल : नितेश मानिकपुरी

**भखारा, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हिंदू धर्म में नवरात्र की अवधि पूर्ण रूप से मां दुर्गा के 9 स्वरूपों के लिए समर्पित मानी जाती है। नवरात्र को लेकर यह माना जाता है कि इस अवधि में माता रानी का धरती पर आगमन होता है और वह अपने भक्तों का उद्धार करती हैं। इस दौरान साधक माता रानी के नौ स्वरूपों की भक्ति-भावना के साथ पूजा-अर्चना कर उनकी कृपा प्राप्त करता है। साथ ही यह वह समय भी है जब ऋतु में परिवर्तन आता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो भी साधक श्रद्धाभाव के साथ नवरात्र में व्रत और पूजा करते है उनके सभी दुख-संताप दूर होते हैं। छत्तीसगढ़ मानस संगठन तहसील भखारा अध्यक्ष नितेश मानिकपुरी ने कहा की साल के छह माह के अंतराल पर मुख्य दो नवरात्रि आती हैं। अश्विन मास में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से आरंभ होने वाली नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि कहा जाता है।



मां भगवती की पूजा के लिए ये नौं दिन बहुत ही पावन और महत्वपूर्ण माने जाते हैं। मान्यता है कि इस समय मां दुर्गा पृथ्वी लोक पर विचरण करती हैं और अपने भक्तों की हर मनोकामना को पूर्ण करती हैं। इन नौं दिनों तक भक्त मां दुर्गा के नौं स्वरुपों का पूजन करते हैं। प्रथम दिन मां शैलपुत्री, द्वितीय मां ब्रह्मचारिणी, चतुर्थ मां चंद्रघंटा, पंचम स्कंद माता, षष्ठम मां कात्यायनी, सप्तम मां कालरात्रि, अष्टम मां महागौरी, नवम मां सिद्धिदात्री का पूजन किया जाता है। मां के हर स्वरुप की अपनी एक अलग विशिष्टता और निराली महिमा है।दुर्गा को आदि शक्ति, परम भगवती परब्रह्म बताया गया है। वह अंधकार व अज्ञानता रुपी राक्षसों से रक्षा करने वाली, ममतामई, मोक्ष प्रदायनी तथा कल्याणकारी हैं। उनके बारे में मान्यता है कि वे शान्ति, समृद्धि तथा धर्म पर आघात करने वाली राक्षसी शक्तियों का विनाश करतीं हैं।

### भखारा में रास-गरबा, डांडिया महोत्सव की धूम



**भखारा, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नवरात्र के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला मैदान भखारा में रास गरबा परिवार के संरक्षक व कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के संरक्षण मे रास गरबा महोत्सव का भव्य शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न.प. अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन, विशिष्ट अतिथि रामगोपाल देवांगन, झम्मन साहू, नमिता साहू, पार्षद ओमकुमारी सोन, भारती साहू, कृष्णा साहू रहे। कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागीयों ने छतीसगढ़ी परिधान में गरबा प्रस्तुति दी जो कि हमारी छतीसगढ़ की संस्कृति परम्परा को समेटे अलौकिक दृश्य भखारा गरबा मंच पर देखने को मिला, दूसरे दिन राधा कृष्ण के परिधान मे मनमोहक प्रस्तुति हुई। आज शाम तृतीय दिवस पर बंगाली परिधान में प्रस्तुति होगी। रास गरबा परिवार भखारा आयोजन समिति के संचालक अभिषेक राव शिंदे ने बताया कि कुरुद विधायक अजय चंद्राकर के संरक्षण में भखारा में एक मंच पर 8 दिन तक पुरे देश की अलग-अलग राज्यों की परम्परा और परिधान से सुसज्जित नृत्य प्रस्तुति अपने आप मे एक अलौकिक व आनंद की अनुभूति कराती है, अनेकता मे एकता का एहसास कराती है। गरबा आयोजन समिति ने सबको एक सूत्र ने जोड़कर बच्चो से लेकर बड़ो तक को अपनी प्रतिभा अपनी कला को प्रदर्शित करने का एक अच्छा मंच प्रदान किया है जिससे सभी प्रतिभागी काफी उत्साहित है सैकड़ो दर्शकदीर्घा के बीच निरंतर संध्या प्रस्तुति होती है आयोजक समिति के उषा साहू, भारती सेंद्रे लोकेश्वरी सोन, उपमा तिवारी, भारती साहू, सविता देवांगन, कामिनी साहू, सुशीला निर्मलकर, ममता चंद्राकर माधुरी डड़सेना, अंजू चौहान, दीपिका कोयल साहू, फूलबासन निर्मलकर, अंजली जैन, पूजा साहू प्रकृति सोन, लक्ष्मी निर्मलकर, हिना गोस्वामी, दीवान मैडम, सुनीति किरण, गोमती साहू, सुधीर साहू, प्रतीक तिवारी, धनेन्द्र साहू निरंतर अपनी सेवाएं गरबा पंडाल मे दे रहें है।

■ आज शाम बंगाली परिधान में प्रतिभागी देंगे प्रस्तुति

### अग्रसेन धाम में धूमधाम से मनाई गई अग्रसेन जयंती



**तिल्दा-नेवरा, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नवनिर्माणधीन अग्रसेनधाम कोहका में अग्रवाल समाज तिल्दा-नेवरा द्वारा अग्रसेन जयंती उत्सव धूमधाम से मनाया गया। अग्रवाल समाज ने महाराज अग्रसेन की महाआरती पूजन किया। इसके बाद भजन कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया। जयंती कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बृजलाल गोयल, डॉ कमलेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, संजय गोयल उपस्थित रहे। इस दौरान पूरे समाज के लोग आत्मीय रूप से एक साथ भोजन किए और महाराजा अग्रसेन को याद किए। अग्रसेन जयंती का कार्यक्रम 3 दिनों तक आयोजित किया गया। विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहले दिन आनंद मेला, दूसरे दिन शोभायात्रा के साथ रात्रि श्याम कीर्तन श्याम भजन कीर्तन एवं प्रसादी का कार्यक्रम हुआ। तीसरे दिन जयंती के दिन बाइक रैली निकली गई। बच्चा चौक में आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण एवं प्रसादी का कार्यक्रम हुआ। अग्रसेन जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा में नंदन जैन और रवि सिंघल मुख्य अतिथि थे। वही समाज के गौरव के रूप भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल का तिल्दा-नेवरा अग्रवाल समाज द्वारा सम्मान किया गया।

■ समाज के गौरव, अनिल अग्रवाल का सम्मान

■ भव्य भजन जगराता सहित विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

### छरछेद हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी में सराहनीय कार्य करने वाले प्रधान आरक्षक राजू टंडन सम्मानित

**बलौदाबाजार, 5 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 12 सितम्बर को शाम ग्राम छरछेद मे एक सांथ 04 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। घटना में मृतक परिवार के घर में ही 02 महिला, 01 पुरुष एवं एक 11 माह के छोटे बच्चे की हत्या कर दी गई थी। प्रकरण में 04 लोगों की हत्या करने वाले आरोपियों के विरुद्ध थाना कसडोल में अपराध धारा 103(1), 191(2), 191(3), 190, 296, 351(3), 115(2), 331(8) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मृतक परिवार के सदस्यों को जादू टोना करने के शक में आरोपियों द्वारा एक साथ मिलकर पत्थर तोड़ने के लोहे के हथौड़े (घन) एवं लोहे के अन्य सामान से वार करते हुए चारों लोगों की हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मामले एक अपचारी बालिका सहित 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। संपूर्ण प्रकरण में थाना कसडोल में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजू टंडन क्रमांक 1003 द्वारा पूरी तन्मयता एवं तत्परता के साथ प्रकरण में शामिल समस्त आरोपियों की गिरफ्तारी में उल्लेखनीय योगदान दिया गया।

# मंडी बोर्ड में रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर मचा बवाल

## कृषि उत्पादन आयुक्त के निर्देश पर की जाएगी पदस्थापना

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ मंडी (विपणन) बोर्ड में रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर बवाल मचा हुआ है। कृषि उत्पादन आयुक्त ने पूरे विवाद को देखते हुए एक उच्च स्तरीय चयन समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मंडी बोर्ड में सहायक संचालक, मंडी सचिव, मंडी निरीक्षक के रिक्त पदों के लिए व्यापमं द्वारा लिखित परीक्षा ली गई थी। कोरोना संकटकाल और लोकसभा व विधानसभा चुनाव के चलते मंडी बोर्ड में कर्मचारियों का टोटा है जिसके चलते मंडी सचिव के पद पर कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को बार-बार सेवा अवधि में वृद्धि दी जा रही है। यहां तक कि मंडी बोर्ड के एमडी भी संविदा में कार्यरत हैं। जिसके चलते यहां पर शासन ने एक वरिष्ठ अधिकारी को बतौर स्थायी एडिशनल डायरेक्टर के रूप में भेजा है।

मंडी बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार व्यापमं द्वारा उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की लिस्ट भेज दी गई है जो कि बंद लिफाफे में है। इसकी गोपनीयता बरकरार रखी गई है। मंडी बोर्ड कृषि विभाग के अधीन आता है। कृषि मंत्री के कार्यालय एवं निवास में इन दिनों शिक्षित बेरोजगारों की भीड़ लगी हुई है। वे मनवांछित स्थानों पर नियुक्ति के लिए दबाव डाल रहे हैं। यहां पर निर्धारित पदों से ज्यादा पद स्वीकृत कराने की भी मांग की जा रही है। ग्रामीण विस्तार सेवा अधिकारियों की लिखित परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों की मांग वित्त विभाग ने स्वीकार कर ली है। इधर मंडी बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि व्यापमं के रिजल्ट को एक लिफाफे में सील कर दिया गया है। कृषि उत्पादन आयुक्त शेहला निगार के निर्देश पर इसे खोला जाएगा। उत्पादन आयुक्त के निर्देश पर एक चयन समिति ही नई पदस्थापना करेगी। इसको लेकर जबरिया हल्ला मचाया जा रहा है जबकि वस्तुस्थिति कुछ और है।

# सैन्य समारोह: जीई रोड से ठेला लगाने वालों को खदेड़ा गया

■ गैस सिलेंडर भी किया गया जब्त

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 5 अक्टूबर।** साइंस कालेज रायपुर में चल रहे सैन्य समारोह के लिए सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी कर दी गई है। आश्रम तिराहे से लेकर एनआईटी चौक तक ठेला-खोमचा एवं फल लगाने वालों को खदेड़ दिया गया है। वहीं ऑटो एवं ई-रिक्शा वालों को भी ग्राउंड के आसपास ठहरने नहीं दिया जा रहा है। राजधानी के विज्ञान महाविद्यालय में आज से सैन्य समारोह शुरू हो गया है। इसका औपचारिक उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर सेना के वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। इस समारोह का उद्देश्य युवाओं में सेना के प्रति आकर्षण बढ़ाना एवं सैन्य गतिविधियों से आम लोगों को परिचित कराना है। जिला प्रशासन ने यहां पर सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं जिसके चलते जोन क्रमांक 5 के कर्मचारियों द्वारा राजकुमार कालेज के बाउंड्रीवाल से लगे, चाय, शेक, नाश्ता, मच्छरदानी, लेमन सोडा, चाट बेचने वालों को खदेड़ दिया गया है। उन्हें सख्त आदेश दिया गया है कि वे दो दिनों तक जीई रोड के किनारे अपना ठेला न लगाएं। इतना ही नहीं चाय-नाश्ता वालों के सिलिंडर भी जब्त कर निगम कर्मी ले गए हैं।

जीई रोड के दोनों किनारे अलग-अलग जोन में आते हैं। एनआईटी के सामने चाउमीन तथा अन्य नाश्ता बनाने वाले एवं फास्टफूड के दुकानों को भी हटा दिया गया है। यहां पर आटो एवं ई-रिक्शा वालों को अनावश्यक खड़ा नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हजारों रुपए का सिगरेट लेकर युवक फरार

**रायपुर, 5 अक्टूबर ।** गनपत चौक हीरापुर स्थित जैन किराना दुकान से अज्ञात व्यक्ति ने 15 हजार से अधिक का सिगरेट लेकर पैसे का भुगतान नहीं किया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी खेमराज सिन्हा 56 वर्ष जैन किराना दुकान कबीरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि 25-30 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी के दुकान में आया और 15440 रुपए का सिगरेटट खरीद कर पेटीएम नहीं हो रहा है कहा। जिसे अपने परिचित के फोन पर पेमेंट करने कहने पर आरोपी ने पेमेंट हो गया कह कर सामान लेकर निकल गया।

# राज्योत्सव- 2024, सभी जिलों में होंगे कार्यक्रम

**रायपुर, 5 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर से भिन्न सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिला मुख्यालयों में 5 नवम्बर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभागों की विभागीय प्रदर्शनी में उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित की जाएगी। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा 5 नवम्बर को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह एक नवम्बर से 6 नवम्बर तक जिला मुख्यालयों के समस्त शासकीय भवनों में रोशनी की जाएगी। शासन की जनकल्याणकारी तथा हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित कार्यक्रमों में लोगों को लाभान्वित किया जाए।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26